संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -82 सोमवार, 22 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# सॉफ्ट कूटनीति का भी हिस्सा होगा अयोध्या का राम मंदिर

## धार्मिक व आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के तौर पर स्थापित करने की तैयारी में सरकार

» अयोध्या राम मंदिर पर है विदेश मंत्रालय की नजर

» विदेशी दूतावासों में भी अयोध्या को लेकर काफी उत्सुकता

**नई दिल्ली,21 जनवरी 2024 (ए)।** भारत उन देशों में है जो सॉफ्ट डिप्लोमेसी को अपनी विदेश नीति का एक अहम हिस्सा बना कर चलता है। भारतीय संस्कृति जिसमें खास तौर पर नृत्य-संगीत,बॉलीवुड, अध्यात्म व योग कुछ ऐसे विषय हैं जिसे बखूबी सॉफ्ट डिप्लोमेसी के तौर पर अपनाया गया है। अब इसमें अयोध्या का राम मंदिर भी जुड़ेगा।

### राम मंदिर का होगा पूरी दुनिया में प्रसार

जिस तरह से योग को पूरी दुनिया में प्रसार करने में आज भारतीय विदेश मंत्रालय के तमाम दूतावास व मिशन अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं वैसा ही कुछ अयोध्या राम मंदिर के साथ भी होगा। विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों की तरफ से अयोध्या को भारत के एक प्रमुख आध्यात्मिक व धार्मिक पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित करने में खास कोशिश होगी।

अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार के दूसरे मंत्रालयों के सहयोग से एक विस्तृत योजना भी प्रस्तावित है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्ग से जोड़ने व दूसरी ढ़ाचागत सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने और दूसरी सेवाओं को उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी। विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन मंत्रालय की नजर अयोध्या राम मंदिर को लेकर वैश्विक स्तर पर जिस तरह की उत्सुकता जताई जा रही है, उस पर है।



### 55 देशों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों का किया गया है आमंत्रित

कूटनीतिक सर्किल के जानकार बताते हैं कि इसको लेकर नई दिल्ली के विदेशी दूतावासों के साथ ही विदेशी मीडिया में जिस तरह की उत्सुकता है वह इस बात का संकेत है कि अयोध्या को लेकर विदेशी मानस पिछले तीन दशकों में बदल चुका है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी आयोजनकर्ताओं ने 55 देशों के 100 से ज्यादा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है।

### मंदिर निर्माण के बाद दर्शन करने जाएंगे राजनयिक

पिछले वर्ष अयोध्या में दीपोत्सव में 77 देशों के राजनयिकों ने हिस्सा लिया था।आयोजन समिति की तरफ से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बड़ी संख्या में विदेशी राजनयिकों व दूतावासों की तरफ से इस समारोह में शामिल होने की इच्छा प्रकट की गई थी लेकिन आयोजन में प्रोटोकोल से संबंधित दिक्कतों को देखते हुए उन्हें इस बार आमंत्रण नहीं दिया गया है। यह भी बताया गया कि विदेशी राजनयिकों को मंदिर का पूरा निर्माण होने के बाद विशेष तौर पर बुलाने की बात भी कही गई है।

### प्रवासी भारतीयों करना चाहते हैं अयोध्या की यात्रा

यह माना जा रहा है कि अयोध्या का राम मंदिर विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों को उनकी जन्म भूमि से जोड़ने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, जर्मनी, आस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीय ही नहीं बल्कि सदियों से सूरीनाम, मारीशस जैसे देशों में रह रहे भारतवंशी भी नवनिर्मित राम मंदिर को लेकर ना सिर्फ उत्साहित हैं बल्कि वहां आने की मंशा जता रहे हैं। इन देशों में स्थित भारतीय दूतावासों आदि से लगातार सूचना मांगी जा रही है।

### कई देशों में चल रहा विशेष आयोजन

मारीशस की सरकार ने वहां की हिंदू आबादी के लिए सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आनंद उठाने के लिए दो घंटे की छुट्टी कर दी है। अमेरिका, न्यूजीलैंड जैसे दर्जनों देशों मे विशेष आयोजन की तैयारी चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पिछले दिनों बताया था कि किन विदेशी मेहमानों को आमंत्रित करना है, यह फैसला आयोजन करने वाली समिति कर रही है।

## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अब नो एंट्री-सुरक्षा में 20 हजार जवान तैनात

इंतजार की घड़ियां खत्म हो चुकी है। आज यानी सोमवार (22 जनवरी) को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। देशभर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भारी उत्साह पाया जा रहा है और अयोध्या से लेकर अमेरिका तक श्रीराम के नाम की धूम है। इसी कड़ी में अयोध्या में भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अभिषेक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की कई बड़ी हस्तियां हिस्सा ले रही हैं। ऐसे में रामनगरी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए गए हैं।

शहर में बाहरी लोगों और गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है। हर एंट्री प्वाइंट पर पुलिस और एटीएस कमांडोज को तैनात किया गया है। मुख्य आयोजन स्थल पर भी चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा की गई है। अब अगले 3 दिन के लिए बाहरी लोगों के अयोध्या में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि अयोध्या धाम और शहर में रहने वालों को उनके घर तक जाने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन इसके लिए उन्हें पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा।

## खुद को राम भक्त बताने वाला खालिस्तानी समर्थक अयोध्या में गिरफ्तार

अयोध्या में रेकी करते समय दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किए गए शंकर लाल दुसाद ने शुरू में खुद को भगवान राम का अनुयायी बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की।एटीएस अधिकारियों ने कहा कि कथित तौर पर खालिस्तान से संबंध रखने वाले व्यक्ति ने अपनी एसयूवी पर भगवा झंडा लगाया था।

## भगवान किसी एक के नहीं,सबके हैं:आचार्य सत्येंद्र दास

आचार्य सत्येंद्र दास राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी हैं। वे बचपन से ही अयोध्या में रहे है। दास आज से नहीं लगभग 32 साल से रामलला मंदिर से जुड़े हुए हैं। उनका कहना है कि भगवान किसी एक पार्टी के नहीं, बल्कि सभी के हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा के पास से एके-47 राइफल,दो मैगजीन बरामद की

**चंडीगढ़,21 जनवरी 2024 (ए)।** सीमा सुरक्षा बल (बी एस एफ) ने पंजाब के फिरोजपुर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास खेतों से एक एके-47 असॉल्ट राइफल, दो मैगजीन और 40 कारतूस बरामद किए। 18 और 19 जनवरी की रात को ड्रोन की गतिविधि देखने के बाद बीएसएफ द्वारा एक तलाशी अभियान के दौरान यह जब्ती की गई।

### छत्तीसगढ़ के 3 आईएएस केंद्र के लिए हुए इंपैनल




**रायपुर,21 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ कैडर के तीन आईएएस अधिकारी केंद्र में संयुक्त सचिव के लिए इंपैनल किए गए हैं । इन अधिकारियों में 2007 बैच की शम्मी आबिदी, एस बसवराजू और मो.अब्दुल कैसर हक शामिल हैं। राज्य सरकार की एनओसी मिलने के बाद ही इनकी पोस्टिंग की जाएगी। और उसके बाद हीअधिकारी रिलीव किए जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा रामोत्सव का भव्य आयोजन आज



**रायपुर,21 जनवरी 2024 (ए)।** आज रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा माता कौशल्या धाम चन्दखुरी में रामोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव पर्यटन,संस्कृति तथा धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य सांसद,रायपुर सुनील सोनी की अध्यक्षता, माननीय विधायक,आरंग खुशवंत साहब के विशिष्ट आतिथ्य तथा माननीय विधायकगणों, जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में 22 जनवरी को सायं 5. 30 बजे से माता कौशल्या धाम चंदखुरी में आयोजित होगा।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या जाएंगे सीएम एकनाथ शिंदे



» राज्य के विधायकों और सांसदों को रामजन्मभूमि ले जाने की योजना

**मुंबई,21 जनवरी 2024 (ए)।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चौबीस घंटे से भी कम समय शेष है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज इस कार्यक्रम में पहुंचेंगे। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह सोमवार को होने वाले समारोह में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने मंत्रिमंडल के साथ-साथ राज्य के विधायकों और सांसदों को बाद में रामजन्मभूमि ले जाने की योजना बना रहे हैं।मुख्यमंत्री शिंदे ने यहां आयोजित टाटा मैराथन से इतर पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुट्ठीभर लोगों के शामिल होने के बजाय मैं बाद में राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों, विधायकों व सांसदों को ले जाना चाहता हूं।'

उन्होंने कहा, 'मंदिर हमारे लिए आस्था और गौरव का विषय है। इसलिए, मैं अधिकारियों और भक्तों को राम मंदिर ले जाना चाहता हूं।' शिंदे ने कहा कि समारोह से पहले अधिकारियों को मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने और उन्हें रोशनी से सजाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे एक दिन पहले उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह राम सेवा के लिए फरवरी में अयोध्या जाएंगे। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कहा कि वह कल होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि वह झंडेवालान मंदिर से इस समारोह को प्रसारण देखेंगे। उन्होंने समारोह में आमंत्रित करने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का सोशल मीडिया पर आभार जताया। उन्होंने कहा, भव्य राम मंदिर पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद बनाया जा रहा है। मैं और मेरा परिवार 22 जनवरी के बाद मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे।

## राममय हुआ भगवान राम का ननिहाल

» छत्तीसगढ़ में बनेंगे 3 विश्व रिकॉर्ड

» आज नवा रायपुर के चौक-चौराहों पर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का होगा लाइव प्रसारण

**रायपुर,21 जनवरी 2024 (ए)।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में राम लला के विराजमान होने को अब 48 घंटे से भी कम समय रह गया है। उससे पहले ही पूरा देश राम के रंग डूब चुका है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए न सिर्फ अयोध्या बल्कि देशभर में तैयारियां हुई। भगवान राम का ननिहाल छत्तीसगढ़ पूरी तरह से राममय होने की तैयारी कर चुका है। अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व सांध्य पर आज रायपुर में 'भांचा राम ननिहाल महोत्सव' मनाया जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ राष्ट्वादी संघ तीन बड़े विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहा है।



रायपुर के साइंस कॉलेज में धान से बनी हुई विश्व की सबसे बड़ी राम जी की रंगोली बनाई जाएगी।

विश्व का सबसे लंबा 2000 मीटर लंबा रामनामी गमछा तैयार किया जाएगा।

501 बच्चे राम जी का रुप बनाकर भव्य शोभायात्रा निकालेंगे। झांकी साइंस कॉलेज से राम मंदिर तक जाएगी।

बता दें कि, यह तीनों कार्यक्रम अपने तय समय और व्यवस्था के अनुरुप हुए तो ये तीनों रिकार्ड में दर्ज होंगे।

### 22 जनवरी को कहां क्या-क्या आयोजन होगा

वीआईपी रोड पर बने राम मंदिर में 22 जनवरी को दिनभर भजन कीर्तन का आयोजन होगा। राम मंदिर में सुबह से शाम तक नेता मंत्री और विधायकों का दर्शन और आने जाने का सिलसिला चलता रहेगा। प्रदेशभर में जितने भी जिला मुख्यालय हैं वहां कांग्रेस कार्यकर्ता हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करेंगे। पाठ में सभी कांग्रेस के नेता और विधायक शामिल होंगे। चंदखुरी के कौशल्या मंदिर में हवन का आयोजन किया गया है। मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्त हवन और पूजन में शामिल होंगे। सुंदरकांड का पाठ भी यहां किया जाएगा। मंदिर में कांग्रेस भी सुंदरकांड का पाठ करने पहुंचेगी।

### इन जगहों में होगा प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

प्रदेश के ज्यादातर आश्रम और छात्रावास में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की जाएगी।. शिक्षा विभाग और शासन की ओर से आश्रम और छात्रावासों सहित दफ्तरों में शंखध्वनी और घंटी बजाई जाएगी. शाम के वक्त लोग अपने अपने घरों पर दीपोत्सव भी करेंगे।

## अमान्य विवाह से पैदा बच्चे भी पूर्वजों की संपत्ति में वैध हिस्सेदारी के हकदार

**नई दिल्ली,21 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति के हिस्से की हकदारी के सिद्धांत पर जोर देते हुए कहा है कि शून्य और अमान्य विवाह से पैदा बच्चे भी पूर्वज की संपत्ति में वैध हिस्सेदारी के हकदार हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे बच्चों को वैध बच्चा माना जाएगा और संपत्ति में वैध हिस्सा तय करने के उद्देश्य से उन्हें समान (कॉमन) पूर्वज के विस्तारित परिवार के रूप में माना जाएगा। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के निर्णय को पलट दिया। पीठ ने कहा कि एक बार जब समान (कॉमन) पूर्वज ने शून्य व अमान्य विवाह से पैदा हुए बच्चों को वैध संतान माना हो तो ऐसे बच्चे संपत्ति के उसी तरह हकदार होंगे जैसा वैध विवाह से पैदा बच्चे की तरह उत्तराधिकारी होंगे।



## शिवराज चौहान,पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह पर एमएलए कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

**जबलपुर,21 जनवरी 2024 (ए)।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह की मुश्किलें बढ़ गई है। जबलपुर की एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने शिवराज सिंह चौहान, वीडी शर्मा और भूपेंद्र सिंह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। विशेष कोर्ट की न्यायाधीश विश्वेश्वरी मिश्रा ने यह निर्देश राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा की ओर से तीनों नेताओं के खिलाफ किए गए 10 करोड़ रुपये की मानहानि के दावे पर दिया है।दरअसल, जबलपुर की विशेष अदालत ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। याचिकाकर्ता के वकील एचएस छाबड़ा ने बताया कि सांसद-विधायक मामलों से संबंधित न्यायिक दंडाधिकारी विश्वेश्वरी मिश्रा (प्रथम श्रेणी) की विशेष अदालत ने अपने आदेश में प्रथम दृष्टया मुकदमे के लिए पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने के बाद मानहानि का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।



श्री रामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर राज्यपाल ने

## घरों एवं मंदिरों में उत्सव मनाने एवं दीप दान करने की अपील की

**रायपुर,21 जनवरी 2024 (ए)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश एवं प्रदेश के नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि ऐतिहासिक एवं बहु प्रतीक्षित श्रीराम लला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह पवित्र अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रहा है।



इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए मेरा आग्रह है कि आप अपने घरों में उत्सव मनाएं और दीप जलाएं, रोशनी करें और दीपदान करें। स्थानीय मंदिरों में भी समारोह आयोजित करें। इस प्रकार से हम इस पवित्र अवसर पर श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा और उत्साह प्रदर्शित करें। ऐसे सामूहिक प्रयासों के माध्यम से हम एकता और सद्भावना को बढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं। राज्यपाल ने आम जनता से अपील की है कि इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए हम एकजुट हों। भगवान श्री राम का आशीर्वाद हमारे देश और हम सबके जीवन में खुशी, समृद्धि और शांति लाए।

## बीजेपी की हुड़दंगी भीड़ ने मेरी कार पर किया हमला

**गुआहाटी,21 जनवरी 2024 (ए)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उनकी कार पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने हमला किया। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, अभी कुछ मिनट पहले जुमुगुरिहट, सुनितपुर में मेरे वाहन पर बीजेपी की हुड़दंगी भीड़ ने हमला किया। उसने विंडशील्ड पर लगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा स्टिकर को फाड़ दिया।



### मुख्यमंत्री हिमंता पर साधा निशाना...

जयराम रमेश ने आगे लिखा है कि उन्होंने पानी फेंका और यात्रा के विरोध में नारे लगाए, लेकिन हम शांत बने रहे और उपद्रवियों से बचकर वहां तेज़ी से निकले। ये बिना शक असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की कारगुजारी है। हम इससे डरे नहीं हैं और आगे बढ़ते रहेंगे।

## स्मार्ट सिटी लिमिटेड अब इन कामों के लिए दोबारा टेंडर जारी करेगा



### 200 करोड़ के ठेके जांच करेंगे : ओपी चौधरी

**रायपुर,21 जनवरी 2024 (ए)।** पूर्व मंत्री मो. अकबर के भई के नया रायपुर में चल रहे ठेके को आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर नवा रायपुर में 218 करोड़ रुपए के 10 काम छीन लिए गए हैं। इसमें से करीब 200 करोड़ रुपए के 9 काम रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही थी बाकी एक काम कल्याण टोल नाम की कंपनी के पास है।पूरा विवाद नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अफसरों ने स्मार्ट सिटी में धीमा काम कर रही एजेंसियों से 218 करोड़ रुपए के 10 काम वापस ले लिए। ये एजेंसी मनमाने तरीके से काम कर रही थी। नवा रायपुर स्मार्ट सिटी ने ठेका एजेंसी को आधा दर्जन से अधिक बार नोटिस जारी किया था। नोटिस के बाद भी काम नहीं सुधरा। स्मार्ट सिटी लिमिटेड अब इन कामों के लिए दोबारा टेंडर जारी करेगा। इस मामले की मंत्री ओपी के पास दस्तावेज के साथ शिकायत की गई है। ओपी ने कहा कि यह कंपनी पूर्व मंत्री मो. अकबर के परिवार से जुड़ी हुई है। इसकी जांच की जाएगी। जून में सभी काम पूरे हो जाने थे, उसके बावजूद कंपनी को हर तीन महीने में एक्सटेंशन दे दिया जा रहा था।

पड़ताल करने पर यह भी सामने आया कि स्मार्ट सिटी के काम में 50 फीसदी केंद्र और 50 फीसदी शेयर राज्य का होता है। जून में स्मार्ट सिटी का काम बंद हो जाएगा। ऐसे में पूरा खर्च राज्य को ही करना पड़ेगा। इसे देखते हुए ओपी ने काम को तेजी से करने कहा है। असगर को 100 करोड़ का भुगतान भी हो चुका है एनआरडीए के अधिकारियों ने बताया कि 14 काम रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी के पास है। इसमें से 6 काम कंपनी लगभग पूरा कर चुकी है। बाकी 9 काम की गति बहुत ही धीमी थी।कंपनी को अब तक करीब 100 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। सख्त कार्रवाई के निर्देश बैठक में आवास एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई व अनुबंध समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएं समय-सीमा में पूरी हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

अधिकारियों ने की शिकायत बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी कई ठेकेदारों की स्थिति नहीं सुधरी। वहीं, स्मार्ट सिटी के ज्यादातर काम गिने-चुने ठेकेदार ही कर रहे हैं। गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ-साथ कार्यों में गति भी नहीं आ रही थी। इसलिए लिया गया निर्णय आला अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी की समय-सीमा जून 2024 को खत्म हो रही है।

## संपादकीय

# कई राज्यों में कांग्रेस को खाता खोलना है

कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन सुधारने के प्रयासों में लगी है और इसके लिए वह अपने घनघोर दुश्मन पार्टियों के साथ भी तालमेल कर रही है। आम आदमी पार्टी के साथ लगभग समझौता हो गया है और चंडीगढ़ के मेयर और उपमेयर के चुनाव में उसका ट्रायल भी हो गया है। लोकसभा में प्रदर्शन सुधारने के लिए ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू हुआ है। लेकिन इसके साथ ही कांग्रेस कई राज्यों में खाता खोलने के प्रयास में भी है। ध्यान रहे पिछले लोकसभा चुनाव में कई छोटे-बड़े राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा,दिल्ली,उत्तराखंड आदि में कांग्रेस का खाता नहीं खुला था। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, कर्नाटक जैसे राज्यों में एक-एक सीटें मिली थीं।

इस बार कांग्रेस उन सभी राज्यों में खाता खुलने की उम्मीद कर रही है, जहां पिछली बार उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। इसके लिए कई तरह के उपाय हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश में कांग्रेस ने सबसे बड़ा दांव चला है, जहां मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला को कांग्रेस में शामिल कराया गया है। पूरा आंध्र प्रदेश शर्मिला को जानता है क्योंकि वे राज्य के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत वाईएसआर रेड्डी की बेटी हैं और जब जगन मोहन रेड्डी जेल में बंद थे तो शर्मिला ने पूरे प्रदेश की पदयात्रा की थी। आक्रामक तेवर और 24 घंटे राजनीति करने की उनकी क्षमता से कांग्रेस को बड़ी उम्मीदें हैं। इस बार कांग्रेस राज्य में त्रिकोणात्मक मुकाबले में खाता खुलने की उम्मीद कर रही है।

कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से तालमेल किया है। चंडीगढ़ में दोनों पार्टियों ने मिल कर मेयर और उपमेयर का चुनाव लड़ा। इससे पहले सात सदस्यों वाली कांग्रेस चुनाव से अलग रहती थी तो भाजपा आराम से चुनाव जीत जाती थी। गौरतलब है कि भाजपा के 14 और आम आदमी पार्टी के 13 सदस्य हैं। चंडीगढ़ की सांसद पदेन सदस्य हैं। आम आदमी पार्टी से तालमेल का लाभ कांग्रेस को हरियाणा और दिल्ली में मिल सकता है। हरियाणा में कांग्रेस बहुत मजबूत स्थिति में है और उसे सिर्फ खाता खुलने की नहीं, बल्कि अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। आप से तालमेल होने पर कांग्रेस को अंदाजा है कि उसका वोट नहीं बंटेगा और उसे दो या तीन सीटें मिल जाएंगी। दिल्ली में भी दोनों का तालमेल होगा लेकिन वहां भाजपा का वोट 50 फीसदी से ऊपर है। अगर सांसदों के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी काम करती है तो कांग्रेस का खाता खुल सकता है।

राजस्थान में पिछली बार सरकार में होने के बावजूद कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। इस बार कांग्रेस सरकार से बाहर है, लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए चुनाव में कांग्रेस ने बहुत दम दिखाया और भाजपा की सरकार बनने के बाद एक विधानसभा सीट का चुनाव जीत कर एक बड़ा मैसेज बनवाया है। अब कांग्रेस ने जाट अध्यक्ष और दलित नेता प्रतिपक्ष बनवाया। इसके अलावा अशोक गहलोत और सचिन पायलट के जरिए ओबीसी और गुर्जर वोट पर कांग्रेस की नजर है। हनुमान बेनीवाल इस बार भाजपा से अलग हैं। इससे भी कांग्रेस को खाता खुलने की संभावना दिख रही है। आम आदमी पार्टी से तालमेल के बावजूद गुजरात में लगातार तीसरी बार कांग्रेस का खाता खुलने की संभावना नहीं है।

# सकल विश्व की आस्था,विश्वास और मानवता के केंद्र हैं श्रीराम

## सनातन संस्कृति के पुनरूत्थान का महापर्व है अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

**आने** वाले 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के स्वर्णिम अवसर पर भारत सहित कई



**संतोष सरल**
अंबिकापुर, सरगुजा

देशों में आयोजित किए जाने वाले अद्भुत विविध कार्यक्रमों ने इस अवसर को न केवल ऐतिहासिक बना दिया है बल्कि युगों युगों तक याद रखी जानी वाली धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर के रूप में इस विशेष अवसर व शुभ दिन को संरक्षित भी कर दिया है। लगभग 550 वर्षों से चल रहे एक अंतहीन विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। 124 सालों तक केस चला, 9 साल कोर्ट में बहस हुई तब जाकर चार जजों की बेंच ने 09 नवंबर 2019 को हिंदू पक्ष के दावे को सही मानते हुए कोर्ट का फैसला सुनाया। इस विवाद के इतिहास पर नज़र डालें तो सन 1528 में मुस्लिम आक्रांता बाबर ने मंदिर गिराकर जब मस्जिद बनाई तब से ये विवाद चलता आ रहा था। मंदिर को आक्रमण से बचाने के लिए लाखों सनातनी हिन्दुओं, निहंग सिखों तथा साधू संतों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया। इतिहास में किसी धर्म या आस्था के केंद्र को बचाने के लिए इतना लंबा संघर्ष किसी समुदाय ने किया हो यह उल्लेख नहीं मिलता। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या का हिन्दुओं व भारतीयों के लिए वही महत्व है जैसा मुस्लिमों के लिए मक्का मदीना, ईसाइयों के लिए वेटिकन सिटी, यहूदियों के लिए यरूशलम तथा सिखों के लिए अमृतसर का है। श्रीराम ने तो मर्यादित जीवन जीने के संस्कार और जीवन के पारिवारिक व सामाजिक संबंधों के महत्व से पूरी मानव जाति को परिचित कराया है। वास्तव में श्रीराम सकल विश्व की आस्था, विश्वास और मानवता के केंद्र हैं और 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान सही मायने में सत्य सनातन





संस्कृति के पुनरूत्थान का महापर्व है। देश विदेश में रहने वाले 110 करोड़ हिन्दुओं और सिखों के लिए इसे शताब्दियों का महापर्व कहें तो गलत नहीं होगा। मंदिर निर्माण के लिए गठित श्री राम मंदिर निर्माण तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 900 करोड़ रुपये दान के रूप में एकत्रित करने का लक्ष्य रखा था और आश्चर्यजनक रूप से 5,500 करोड़ रुपये का दान मिला। लगभग 20 करोड़ लोगों ने दान दिया जिनमें केवल हिंदू ही नहीं सभी धर्मों के लोगों की सहभागिता रही। इसीलिए श्री राम मंदिर निर्माण तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सभी धर्मों के अनुयायियों को 22 जनवरी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण भी भेजा है। सर्वधर्म समभाव की इससे बड़ी मिसाल क्या होगी कि सालों से अदालत में बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी की ओर से केस लड़ने वाले इकबाल अंसारी को भी बड़े सम्मान के साथ ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम में आने का न्योता दिया गया है। पुराने रार को भूलकर हिन्दू पक्ष ने मुस्लिम पक्ष को यदि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मान सहित बुलाया है तो इसका खुले मन से स्वागत किया जाना चाहिए परंतु हमारे प्रमुख विपक्षी इंडी गठबंधन को इसमें भी सियासत नजर आ रही है। इकबाल अंसारी ने तो कह दिया वो जरूर जाएंगे पर विपक्षी इंडिया गठबंधन के लोग जाने व न जाने को लेकर अब तक कन्फ्यूज है। कुछ कॉंग्रेसी नेताओं ने मकर संक्रांति को ही रामलला के दर्शन तो कर लिए परंतु वो हिन्दुओं की आस्था पर ये कहकर चोट करना नहीं भूले कि हम 22 जनवरी को बिल्कुल भी नहीं जाएंगे। विपक्षी नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी,मल्लिकार्जुन खडगे, अखिलेश यादव,शरद पवार, ममता बनर्जी, सीताराम येचुरी, अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव,लालू यादव ने तो इसे बीजेपी और आरएसएस का कार्यक्रम बताकर नहीं जाने का फ़रमान जारी कर दिया। विपक्षी इंडिया गठबंधन अपने अल्पसंख्यक वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए चाहे जो तर्क दें पर यह आयोजन तो कोर्ट के आदेश पर मंदिर निर्माण हेतु बने श्रीराम मंदिर निर्माण तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का है और यही सच है। बेहतर होता कि पूरा विपक्ष सदी के इस महा उत्सव में सनातनी हिन्दुओं व भारतीयों के साथ सहर्ष सहभागी होता और उनको सम्भवतः इसका लाभ भी मिलता परंतु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा। वैसे विपक्ष आयोजकों का निमंत्रण ठुकरा भी देता तो भी कोई विशेष बात नहीं थी परंतु विपक्ष ने तो 22 जनवरी के मुहूर्त, आयोजन में प्रधानमंत्री मोदी के यजमान बनने, अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करने, कुछ शंकराचार्यों के न आने सहित कई सवाल खड़े कर कहीं न कहीं बहुसंख्यक हिंदू समाज की आस्था को चोट पहुंचाने का ही काम किया है। हालांकि उनके सारे सवालों के जवाब पूज्य रामानंदाचार्य संत रामभद्राचार्य तथा पूज्य संत श्री श्री रविशंकर सहित कई साधू संतों ने खुद टीवी पर आकर दिए हैं। खैर, प्रभु श्रीराम विपक्ष को सद्बुद्धि दें। पिछले एक डेढ़ महीनों से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की चर्चा, अयोध्या धाम पर कवरेज सभी टीवी चैनलों पर छाए हुए हैं। कहीं भजन गाए जा रहे हैं, कहीं दिए जलाये जा रहे हैं, कहीं भंडारे का आयोजन है, कहीं अयोध्या धाम पैदल पहुंचने का प्रयोजन है। कहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मंदिरों की सफाई का अभियान है तो कहीं प्रवचन, यज्ञ, पूजन का अनुष्ठान है। कहीं से लड्डू, कहीं से चावल तो कहीं से भंडारे का राशन अयोध्या धाम भेजा जा रहा है। राम भक्तों में देश के कोने कोने से कुछ न कुछ रामलला के लिए भेजने की होड़ सी मची है। श्रीलंका से माता जानकी की चरण पादुका, नेपाल के जनकपुर से सीता माता का श्रृंगार व मिठाई, मिथिला से शगुन पूजन की सामग्री अयोध्या भेजी जा रही है। माता कौशल्या की भूमि छत्तीसगढ़ से भी रामलला को भोग लगाने के लिए मीठे स्वादिष्ट चावल की खेप अयोध्या पहुंच चुकी है। ऐसे आयोजन केवल भारत में नहीं हो रहे बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इटली सहित पूरे विश्व में जहाँ जहाँ भी भारतीय हैं वहाँ वहाँ 22 जनवरी को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।मॉरिशस में तो 22 जनवरी को छुट्टी की घोषणा भी वहाँ की सरकार ने कर दी है, इसके अलावा साउथ कोरिया, थाईलैंड, श्रीलंका, नेपाल में भी इस दिन को उत्सव के रूप मनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। ऐसा लगता है भारत के साथ पूरा विश्व प्रभु श्रीराम के उत्सव में डूबकर राममय हो गया है।बहरहाल, आलोचकों की परवाह किए बिना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 दिनों के कठिन व्रत पर हैं वो जमीन पर सो रहे हैं गौसेवा कर रहे हैं तथा देश के विभिन्न मंदिरों में प्रतिदिन पूजा अर्चना कर एक यजमान के रूप में प्राण प्रतिष्ठा के नियमों का पूर्ण पालन कर रहे हैं। 22 जनवरी को पुनर्वसु नक्षत्र में दिन में 12:30 बजे 84 सेकंड के अभूतपूर्व मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। अपनी आँखों के सामने भारत की साँस्कृतिक व गौरवमयी विरासत को पुनर्स्थापित होते देखना वास्तव में अत्यंत सुखद व अद्भुत अनुभूति होगी। भगवान श्रीराम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के अयोध्या आगमन पर अब तक एक दिवाली मनती थी अब 22 जनवरी को रामलला की अयोध्या में पुनः प्राण प्रतिष्ठा होने पर पूरे देश में एक और दिवाली मनेगी जो लोगों के मन मस्तिष्क में निःसंदेह एक अमिट छाप छोड़कर जाएगी।।

**-जय श्रीराम।।**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## रामराज्य लाते हैं

आओ सनातनियों हम सब
मिल-जुल कर,
एक बार फिर से
भारत में रामराज्य लाते हैं।
ऊंच-नीच,अमीरी-गरीबी,जात-पात का,
भेद मिटाकर चलो सबको गले लगाते हैं।
नफरत और द्वेष को मन से दूर भगाकर
आपसी अनुराग का गीत गुनगुनाते हैं।
अपनी जिह्वा और वाणी में मिठास घोल,
श्री राम के अवध
लौटने का उत्सव मनाते हैं।
हर घर, हर आंगन हो खुशियों में डूबा,
पुष्प और दीपों से
अवध को ऐसे सजाते हैं।
करके मानवता की सेवा सारी दुनिया में,
अपने आराध्य राम-नाम का ध्वज
फहराते हैं।
कितनी भी विकट हो स्थिति,या बिगड़े काम,
उनके स्मरण से अटके
हर काम बन जाते हैं।
पूरे ब्रह्मांड में हम सब भारतवासी मिलके,
जय श्री राम के जयकारों की गूंज फैलाते हैं।
पाठ्यक्रम में छोड़कर अकबर-बाबर को,
बच्चों को रामायण-गीता के पाठ पढ़ाते हैं।
आओ सनातनियों हम सब मिल-जुल कर,
एक-बार फिर से भारत में रामराज्य लाते हैं।



**सोनल मंजू श्री ओमर**
राजकोट, गुजरात

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जय श्री राम

दशरथ के जेष्ठ पुत्र
विष्णु के दूजे अवतार
अयोध्या में जन्मे राम
जय श्री राम जय श्री राम
स्वयंबर जीत सीता को पाया
सीता के मन भाए राम
बोले हर कोई सीता राम
जय श्री राम जय श्री राम
पिता वचन के पालनहार
14 वर्ष तक रहे वनवास
केवट को पार लगाया
जय श्री राम जय श्री राम
आहलिया को मुक्ति दी
शबरी के जो तारणहार
जंगल में मंगल करने वाले
जय श्री राम जय श्री राम
सुग्रीव को न्याय दिलाया
उसका राज पाट दिलवाया
हनुमान मे बसते राम
जय श्री राम जय श्री राम
सीता खोज में निकले राम
राम सेतु का किया निर्माण
शिव की भक्ति करने वाले
जय श्री राम जय श्री राम
लंका पति को मार गिराया
विभीषण का मान बढ़ाया
लंकेश्वर भी बोले राम
जय श्री राम जय श्री राम



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## राम मुस्कुराने आ गए

आओ भोले श्याम संग हम,
राम का स्वागत करें,
माटी के कण-कण में चंदन,
फूल से वंदन करें।
आओ भोले....
राम अपने घर को आए,
ले के सारी सुधियां आए,
धूली पर जो पग पड़े तो,
भोले संग वंदन किया।
आओ भोले ...
सरयू भी बेसब्र होकर,,
मनभर हिलोरें ले रही,
राम के संग सिया दर्शन,
से भी वो खुश हो रही।
आओ भोले ...
देवगण भी आसमां से,
पुष्प वर्षा कर रहे,
देखकर मेरी सिया के,
राम हर्षित हो रहे।
आओ भोले ...
जिस घड़ी की बाट सदियों,
अश्रुओं से थी गुजारी,
राम के आने से देखो,
भाग सबके खुल गए।
आओ भोले ...
राम की धुन राम के संग,
गाने के दिन फिर आ गए,
राम भी फिर पास मेरे,
मुस्कुराने आ गए।
आओ भोले ....



**कार्तिकेय त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# श्रीराम के कोप की सामाजिक उपयोगिता

**म**ध्यकालीन सगुनभक्ति धारा के राममार्गी शाखा के सर्वोत्तम कवि गोस्वामी तुलसीदास जी की कालजयी रचना रामचरितमानस विश्वसाहित्य की उत्कृष्ट रचनाओं में से एक है। राम, चरित व मानस जैसे त्रयपावन शब्दों से निर्मित महाकाव्य रामचरितमानस में न केवल भारतवर्ष; अपितु सारे जगत का अस्तित्व समाया हुआ है। विभिन्न छंदों से आबद्ध, अलंकारों से सुसज्जित व शब्दशक्ति-गुणों से परिपूर्ण यह सरस महाकाव्य रामचरितमानस समस्त मानवीय मूल्यों के दृष्टिकोण से एक अतुलनीय रचना है।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

गोस्वामी तुलसीदास जी के महाकाव्य रामचरितमानस के प्रमुख पात्र श्रीराम के मानवीय गुणों के आधार पर काव्यग्रंथ की संज्ञा सार्थक है। स्वयं तुलसीदास जी ने अपने इस काव्य में श्रीराम के चरित्र के प्रति अपना मनतव्य रख उन्हें एक महानायक के रूप में चित्रित किया है। राम के सद्गुणों पर उन्होंने विभिन्न सात सोपान- बालकाण्ड,अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, किष्किन्धा काण्ड,सुंदर काण्ड, लंका काण्ड उत्तर काण्ड के जरिए अपना विचार रखा है। पूरे महाकाव्य रामचरितमानस में श्रीराम एक आदर्शपुत्र व आज्ञापालक शिष्य से लेकर एक महान-आदर्श नरेश के रूप में वर्णित हैं।

तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में श्रीराम की पात्रतानुसार मर्यादा का संदेश दिया है। सहजता, सादगी, व कर्त्तव्यपरायणता श्रीराम की प्रमुख चारित्रिक विशेषताएँ रही हैं। लेकिन पूरे काव्य में श्रीराम ने स्वयं को कहीं पर भी ईश्वर घोषित नहीं किया है; बल्कि वे अपने कर्मों के चलते जनमानस में ईश्वर निरूपित हुए हैं। इस पावन ग्रंथ में श्रीराम ने हर युद्ध के पूर्व शांति स्थापित करने का प्रयास किया है; और युद्धोपरांत उनका नीतिपूर्ण शांति स्थापना; सराहनीय है। लिहाजा सांसारिक दृष्टिकोण से उन्हें विश्वशांति के महादूत की संज्ञा दी जा सकती है।

रामचरितमानस के षष्ठम सोपान लंकाकाण्ड में एक प्रसंग आता है, जब यह पता चलता है कि देवी सीता लंका के अशोक वाटिका में है, तब श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ कपिराज सुग्रीव व उनके सैन्यदल सहित समुद्र तट को प्रस्थान करते हैं। रत्नाकर की विशाल जलराशि देख श्रीराम लंका के मुख्य मार्ग प्रशस्त हेतु समुद्र से अनुरोध करते हैं। जब श्रीराम के अनुनय-विनय पर समुद्र मौन साध लेते हैं, तब वे अनुज लक्ष्मण को इंगित करते हुए समुद्र के प्रति अपना कोप प्रदर्शित करते हैं।

**लछ्मन बान सरासन आनू।**
**सोषौं बारिधि बिसिख कृसानू।**
**सठ सन बिनय कुटिल सन प्रीति।**
**सहज कृपन सन सुंदर नीति।**

वयोवृद्ध सुजान विशाल सागर की मौन-अस्वीकृति से श्रीराम कुपित होते हैं। फिर उनके कोप से समुद्र अवगत हो जाते हैं। और ज्यों ही श्रीराम धनुष पर बाण चढ़ाते हैं, और प्रत्यंचा खींचते हैं; समुद्र के हृदय में भय उत्पन्न होता है। फिर श्रीराम के प्रति समुद्र के हृदय से अनुरोधात्मक शब्द निकलते हैं।

**प्रभु प्रताप मैं जाब सुखाई।**
**उतरिहि कटुक न मोरि बड़ाई।**
**प्रभु अज्ञा अपेल श्रुति गाई।**
**करौं सो बेगि जो तुम्हहि सोहाई।**

**समुद्र स्वयं को जड़मति स्वीकारते हुए हार्दिक अनुराग लिये विनय करते हैं। श्रीराम के प्रति उनका अनुराग ही श्रीराम के प्रति सम्मान है।**

**सभ्य सिंधु गहि पद प्रभु करें।**
**क्षमहु नाथ सब अवगुन मेरे।**

यह भी कहा जा सकता है कि समुद्र श्रीराम जैसे धीर-वीर पुरुष के हृदय में कोप की व्युत्पत्ति चाहते हैं। उन्हें विदित है, श्रीराम के कोप का सदुपयोग सांसारिक हित में है, क्योंकि समस्त देश-काल लंकाधिपति रावण के आधीन हैं। दशानन रावण के आतंक से अधिकांश चराचर प्राणी आतंकित हैं। जो लंकापति के विरुद्ध हैं, वे सभी चाहते हैं कि रावण सहित उनके अनुयायियों का समूल विनाश हों। साथ ही, समुद्र को अवगत है कि श्रीराम के धनुष पर चढ़े तीर का निकलना लक्ष्य-भेदन ही होता है। तभी तो वे बड़ी विद्वतापूर्वक श्रीराम के कोप की सामाजिक उपयोगिता सिद्ध करते हैं। समुद्र का व्यक्तव्य रामचरितमानस में इस तरह उल्लेखित है।

**एहि सर मम उत्तर तट बासी।**
**हतहु नाथ खल नर अध रासी।**
**सुनि कृपाल सागर मन पीरा।**
**तुरतहि हरी राम रनधीरा।**

अंततः जनसामान्य को अवगत हो ही जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रति समुद्र के हृदय में भय, भय से प्रीति; और प्रीति से सम्मान का स्थान बनता है, जो सांसारिक लोककल्याण हेतु नितांत आवश्यक रहा है। जय श्रीराम...!

# अयोध्या में पधारेंगे प्रभु श्री राम, विश्व में गूंजेगा राम का पवित्र नाम

**बोलिए जय जय श्री राम**

**अयोध्या** के मंदिर में प्रभु श्रारीम की प्राण प्रतिष्ठा से पूरा विश्व राम-मय हो गया है। अयोध्या का वैभव द्विगुणित होकर वैश्विक स्तर पर आच्छादित हो गया। भारतीय सनातन धर्म संस्कार और संस्कृति श्री राम से शुरू होकर पूरे विश्व में चारों ओर खुशबू की तरह व्याप्त है। यह प्रभु राम की ही अद्भुत माया है कि भारत के साथ-साथ पूरे विश्व के हर नागरिक की नजरे प्रभु राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में टिकी हुई है। और यह भी सत्य है कि भारतीय सनातन संस्कृति के पर्याय मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ही है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक श्री राम का नाम जप कर ही मनुष्य मोक्ष को प्राप्त होता है। जन्म में भी श्री राम और मोक्ष भी श्री राम ही हैं। इह लोक और परलोक दोनों में श्री राम का नाम व्याप्त है। कण-कण में प्रभु श्री राम है और मन मन में प्रभु श्री राम है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी,वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक,आध्यात्मिक,सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी,भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास,नामदेव,तुकाराम चैतन्य,तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आज, सरगुजा में भी भक्तों में विशेष उत्साह, प्रज्जवलित होंगे लाखों दीप

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को बड़े ही धूमधाम से किया जाएगा। इसे लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। सरगुजा संभाग में भी उत्साह काफी चरम पर है। लोग पूरी तरह से रामय हो गए हैं। हर चौक-चौराहों से लेकर गली-मोहल्लें में केवल राम की भक्ती देखी जा रही है। हर मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। वहीं जगह-जगह विशेष आयोजिन किए जाएंगे। सरगुजा संभाग सहित पूरे देश के लोग सोमवार को आतिशबाजी व फूल मालाओं से प्रभु श्री राम का स्वगात करेंगे। रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न समितियों द्वारा भी उत्साह के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में जय श्रीराम के आकार में एक लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रम से पूर्व संध्या पर रविवार को समिति द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने का रिहर्सल कराया गया। दीप जलाने के लिए लगभग 1 हजार से अधिक महिलाओं ने पंजीयन कराया है।





अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांधी स्टेडियम में विशेष आयोजन किए गए हैं। कार्यक्रम के बारे में समिति द्वारा बताया गया कि रविवार से अखंड रामायण का पाठ चल रहा है। सोमवार की सुबह 10-11 बजे के बीच हवन पूजन होगा। इसके बाद एलईडी के माध्यम से अयोध्या का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। शाम को 1 लाख दीपों को प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए 1 हजार से अधिक महिलाओं का पंजीयन किया गया है। शाम को 6 से 6.30 बजे के बीच दीप प्रज्ज्वलित का कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रभु श्री राम की आरती के बाद आतिशबाजी किया जाएगा। वहीं लेजर लाइट के माध्यम से प्रभु श्री राम के चित्रण को दिखाया जाएगा। वहीं रात को किशन भक्त द्वारा भजन का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए जय श्री राम का आकार इंजीनियर शिवम सिन्हा व सांतनु सिंह द्वारा बनाया गया है। प्रभु श्री राम की भक्ति में पूरा शहर डूबा हुआ है। लोग मंदिर व अपने-अपने घरों को सजाने में लगे हैं। हर घरों में प्रभु श्री राम के झंडे लगाए गए हैं। झंडा व पूजा सामग्री की खरीदारी पिछले कई दिनों से चल रही है। पर रविवार को बाजार में किसी त्योहार से कम उत्साह नहीं देखा गया। लोग दिवाली की तरह पूजन सामग्री खरीदने नेजर आए। लोगों प्रभु श्री राम के झंडे, घरों को दीप जालाने के लिए मिट्टी के दिए, फूल माला सहित अन्य सामग्री खरीदते नजर आए। लोग दिवाली मनाकर प्रभु श्री राम का स्वागत करेंगे। दिवाली की तरह गर्ल्स कॉलेज में पटाखे की दुकान भी लगाए गए हैं। सोमवार की शाम होते ही आतिशबाजी शुरू हो जाएगी। वहीं राम मंदिर अंबिकापुर में भी विशेष तैयारी की गई है। मंदिरों को आकर्षक सजाया गया है। सोमवार की सुबह अखंड रामायण के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद राम मंदिर से शोभा यात्रा निकलेगी जो नगर भ्रमण कर स्टेडियम पहुंचेगी। शाम को दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। वहीं रात को भक्ति कार्यक्रम होंगे। वहीं राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत चिन्हित स्थल रामगढ़ में भव्य आयोजन किए जाएंगे। 22 जनवरी को दीप प्रज्वलन, दीपदान, मानस मंडलियों का मानस गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित आनंद मेला, प्रकाश व्यवस्था आदि का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है।



## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर हाथी पखना गणपति धाम में दीपोत्सव का आयोजन

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है, इस अवसर पर बाल गंगाधर तिलक स्थापना समिति अम्बिकापुर द्वारा महामाया पहाड़ी स्थित हाथी पखना गणपति धाम पर इसी दिन प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम पूर्व समिति के कार्यकर्ता गणपति धाम की साफ-सफाई में लगे रहे, उन्होंने धाम सहिंत आस पास के कचरों को साफ किया।

समिति के संस्थापक सदस्य भारत सिंह सिसोदिया में बताया कि 21 जनवरी को शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक सुन्दरकांड , 22 जनवरी को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक अखंड कीर्तन तथा इस बीच सुबह 11 बजे महाआरती एवं आतिशबाजी, प्रसाद वितरण और भण्डारा के साथ हजारों की संख्या में दीप प्रज्जवलित कर प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दीपोत्सव मनाया जायेगा, इस अवसर का दर्शनलाभ के लिए उन्होंने श्रद्धालुओं को उपस्थित होने का आग्रह किया है। गणपति धाम में साफ-सफाई एवं व्यवस्था के लिए राजू अग्रवाल, रूपेश दुबे, सिद्धार्थ मिश्रा,अभिषेक शर्मा,अनीश सिंह, आशीष अग्रवाल,अंशुल श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, रोहित कुशवाहा, संदीप यादव मैंगो, मुशर्रत अली, चंद्रमा सारथी, अमित गोयल, रणधीर सिंह टिक्लू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मौसम वेधशाला में स्कूली बच्चों ने तापमान, आर्द्रता के माप की बारीकियां देखीं

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के मठपारा स्थित टॉडलर्स एकेडमी के पूर्व माध्यमिक कक्षा के 39 विद्यार्थियों ने अपने प्राचार्या भारती शर्मा, विद्यालय की शिक्षिका पूनम शर्मा, जूही पाण्डे और पल्लवी तिवारी के साथ, मौसम कार्यालय अम्बिकापुर का भ्रमण किया।



बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ मौसम वेधशाला में विभिन्न मौसमी तत्वों के प्रेक्षण की विधियों को जाना और जिन मौसम प्रेक्षण सम्बंधित उपकरणों को वे अभी तक तश्वीरों के रूप में देखा करते थे, उन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखा।

मौसम कार्यालय के मौसम विज्ञानी ए एम भट्ट ने बच्चों को मौसम प्रेक्षण कार्यप्रणाली और मौसमी तत्वों जैसे तापमान, आर्द्रता, वायुदाब, मेघ, वर्षा, वायु राशि आदि को विस्तारपूर्वक बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यालय के वैज्ञानिक सहायक सावन कुमार और श्रीधर पाठक भी उपस्थित रहे।

## राम मंदिर में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी ने आज राम मंदिर,अम्बिकापुर में सुंदरकांड और हनुमान चालिसा का पाठ हुआ। भक्तीभाव से हुए इस आयोजन में न केवल कांग्रेस कार्यकर्ता साथ ही बडी संख्या में आम नागरिकों ने भी अपनी सहभागिता दी। राममंदिर परिसर में पवन-पुत्र मानस मंडल के साथ रविवार दोपहन यह आयोजन हुआ जो 11 बजे से लेकर 3 बजे तक जारी रहा।। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजनों से मुलाकात कर उन्हें पार्टी की ओर से



संदेश दिया कि 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों में मौजूद पूजा स्थलों पर 11 दिये जलायें। इन दियों को जलाते हुए प्रभु श्री रामचंद्र के साथ साथ माता कौशल्या की भी अराधना करें। क्योंकि छत्तीसगढ माता कौशल्या का मायका है। आज के इस आयोजन के दौरान श्री सत्येन्द्र तिवारी, राम विनय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद चौधरी, मनोज पाण्डे, विजय तिवारी, पूनम अग्रवाल, अमित तिवारी राजा, दिनेश शर्मा, पंकज शुक्ला, चंद्रप्रकाश सिंह, शिवांश गुप्ता, रोशन कन्नौजिया, अमित मंदिलवार, बबन सोनी, राजेश सोनी, मनोज कश्यप, शुभेन्द्रु घोष, अनूप मेहता आदि उपस्थित थे।

# सूरजपुर अग्रसेन चौक होगा राममय

- » जगमग दीप,विशाल आतिशबाजी के साथ देवेश शर्मा देंगे भजनो की प्रस्तुति
- » सभी चौक-चौराहों में बजेंगे राम भजन और राम धुन
- » अयोध्या से कार्यक्रम का होगा LIVE प्रसारण

- संवाददाता -
सूरजपुर, 21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के सीधा प्रसारण हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने अग्रसेन चौक एवं सभी चौक पर श्री राम जी के भजन एवं भक्ति गीत प्रसारण के लिए सभी श्री रामभक्तों से आग्रह किया है। उन्होंने आम जानता कि सुविधा एवं आस्था के लिए 22 जनवरी को होने वाले भव्य कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को जिला मुख्यालय सूरजपुर के हृदय स्थल अग्रसेन चौक कोतवाली थाना के सामने श्री राम सेवा समिति सूरजपुर के द्वारा लगाए जारहे बड़े एलईडी स्क्रीन पर भी प्रातः 10:00 बजे से लाईव देखने के लिए आमंत्रण देते हुए समस्त श्री राम भक्त जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आग्रह किया है।

**शाम 7:00 बजे से होगी भजनों की अमृतवर्षा**



शहर के हृदय स्थल कोतवाली थाना के सामने स्थानीय अग्रसेन चौक पर शाम 7:00 बजे से अयोध्या पति प्रभु श्री राम जी की आरती के पश्चात विशेष आमंत्रित कलाकार देवेश शर्मा छत्तीसगढ़िया जसगीत मोर पथरा के देवता फेम कलाकार, भजन गायक सिमरन कौर, रितेश शर्मा एवं टीम के द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन की महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी,प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा जिलाध्यक्ष भाजपा बबूलाल अग्रवाल सहित सभी सहित जिले के तमाम जनप्रतिनिधि, विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ समाजसेवी, श्री राम कार्यसेवकगण सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित रहेंगे।

### धार्मिक एवं सामाजिक सेवकों के साथ स्वच्छता दीदियो का होगा सम्मान

दीप प्रज्वलन हेतु स्वच्छता दीदियो से भी आग्रह किया गया है जिससे समाज में संदेश जा सके हर वर्ग हर क्षेत्र का समायोजन राम सेवा में समर्पित है, साथ ही शहर के समस्त महिला स्वसाहायता सामूह की बहने भी श्री राम आरती एवं दीप प्रज्वलन कर उक्त आयोजन में सहभागी बनेंगी, इस आयोजन में शहर के मंदिर एवं धार्मिक समिति के प्रमुखो का सम्मान भी किया जावेगा।

## प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पैदल या दो पहिया वाहन लेकर जाएं मंदिर : शुभम अग्रवाल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

आज 22 जनवरी को पूरा देश भगवान राम के आयोध्या में बने मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीवाली मना रहा है।जिसके तहत अम्बिकापुर में भी



सैकड़ों मंदिरों में भी विभिन्न आयोजन होने हैं जिसमे शामिल होने राम भक्त मंदिर पहुचेंगे।शहर के मुख्य मार्गो के साथ साथ मंदिर स्थल में भी भारी भीड़ होगी जिसे देखते हुए व्यापारी संगठन कैट के प्रदेश मंत्री,अग्रवाल सभा अम्बिकापुर के उपाध्यक्ष व भाजपा नेता शुभम अग्रवाल ने शहर के सभी व्यापारियों के साथ साथ अन्य सभी आमजन से अपील की है कि मंदिर दर्शन हेतु चार चक्का वहां लेकर ना जाये बल्कि पैदल जाएं या दो पहिया वाहन या सवारी ऑटो का उपयोग करें।जिससे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।बहुत ही हर्ष का विषय है कि शहर में दीवाली जैसा माहौल है व राम भक्त दिनरात एक कर आयोजन हेतु व्यवस्था में लगे हैं,ऐसे में हमारी नैतिक जिम्मेदारी होती है कि शहर के सबसे बड़ी ट्रैफिक चुनोती से निपटने एक दिन हेतु बहुत जरूरत पर ही चार चक्का वाहन का उपयोग करें।

### निधन



सूरजपुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। नगर के 88 वर्षीय प्रतिष्ठित नागरिक सेवा निवृत्त प्रधान पाठक कालेज रोड निवासी राम यज्ञ चौबे का का निधन हो गया । वे संतोष चौबे के पिताश्री थे। उनका अंतिम संस्कार रेणुका नदी तट नमदगिरि स्थित मुक्ति धाम में रविवार को किया गया। अंतिम संस्कार में संख्या में लोग शामिल हुए।

## झिरमिटी में नवधा रामायण प्रारंभ

- संवाददाता -
उदयपुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

विगत कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी अखण्ड नवधा रामायण का कार्यक्रम ग्राम झिरमिटी में आयोजित किया गया है। इसकी शुरुआत शनिवार 20जनवरी को कलश यात्रा निकालकर की गई।दोपहर 1 बजे से अखण्ड नवधा रामयण की कलश यात्रा झिरमिरी गोस्वामी मोहल्ला शिव मंदिर से उदयपुर शिव मंदिर होते हुए राजातालब से जल लेकर शाम 5 बजे नवधा पण्डाल मे लाया गया। कलश यात्रा के साथ ग्राम मोहनपुर का शैला नृत्य ग्रुप की मनमोहक प्रस्तुति ने नगरवासियों का दिल जीत लिया।



शाम को पण्डाल में आरती के साथ ही भजन की संगीतमय प्रस्तुतियों का सिलसिला आरंभ हो गया।इस पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर में भक्तिमय माहौल बन जाता है। कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष घासी राम राजवाडे,उपाध्यक्ष पुलस्त पुरी, चंदन एक्का, धनदेव पूरी सचिव - बुकेश गोस्वामी सहित अन्य कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं।

## कुएं में डूबकर ग्रामीण की मौत, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
लखनपुर, 21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर कुएं में गिरने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजेंद्र प्रसाद ठाकुर आ0 ठाकुर प्रसाद उम्र 48 साल जाति नाई साकिन ग्राम पुहपुटरा आमापारा अपने ही बाड़ी के कुएं में गिर गया गहरे पानी में डुबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है 20 जनवरी शनिवार की रात तकरीबन 8 बजे मकतूल राजेंद्र प्रसाद खाना खाकर गेहूं फसल को देखने जाने की बात कहकर घर से निकला था ,रातभर वापस नहीं लौटा। सबेरे 21 जनवरी दिन रविवार को मृतक की पत्नी इंदू ठाकुर कुंऐ के पास गई तो देखी कि कुंआ के अन्दर टार्च एवं चप्पल पानी की उपरी सतह पर तैर रही है। संदेह पर कुंऐ के पानी को कम किया गया।तो मकतुल के शव दिखाई देने लगा। हादसे की सूचना थाने में दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंच मौक़ा मुआयना करते हुए मकतुल के शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मर्ग सदर क़ायम कर जांच पंचनामा कारवाही में लिया गया है।



# होली क्रास वीमेन्स कॉलेज,अम्बिकापुर में 'राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा-2024' (एनजीपीई-2024) संपन्न

- » 21 जनवरी 2024 को होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज, अम्बिकापुर में 'राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा-2024'

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

(एनजी पीई-2024) का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सि.शांता जोसेफ के सफल निर्देशन में संचालित किया गया। यह परीक्षा पूरे देश में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा सम्पादित किया जाता है। परीक्षा के मुख्य समन्वयक प्रोफेसर बी.पी. त्यागी, देहरादून,उत्तराखंड है। इस परीक्षा में वह पात्र है जो गणित व भौतिकी विषय सहित






बी.एस-सी. भाग I,II? में अध्ययनरत है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक केन्द्र से 10 प्रतिशत टॉपर परीक्षार्थियों को राष्ट्रीय स्तर का सर्टिफिकेट प्राप्त होता है साथ ही परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कई उत्कृष्ट राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है।

उक्त परीक्षा में होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज,अंबिकापुर के परीक्षा समन्वयक आलोक चक्रवर्ती, सहायक प्रध्यापक, गणित द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में हमारे केन्द्र से इस परीक्षा में 107विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया जिसमें 100 विद्यार्थी उपस्थित तथा 07 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षा में भाग लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के सर्टिफिकेट के अलावा अन्य पुरस्कार के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी मदद मिलती है । विदित हो कि यह परीक्षा महाविद्यालय में वर्ष 2016 से निरंतर सफलता पूर्वक आयोजित हो रही है। इस परीक्षा को संचालित करने में शिक्षकों सि. दिव्या गुलाब मिंज, सहायक प्रध्यापक, गणित, सुश्री श्वेता सिंह,सहायक प्रध्यापक, गणित, सुश्री मधु पाण्डेय, सहायक प्रध्यापक, भौतिकी, जगनारायण , सहायक प्रध्यापक, बायोटेक्नोलॉजी, अवधेश कुमार सहायक प्रध्यापक, बायोटेक्नोलॉजी व सागेरिका, सहायक प्रध्यापक, अंग्रेजी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाओं का निर्वाहन किया। आयोजित परीक्षा के उपरान्त विगत वर्ष के राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा-2023 (एनजी पीई-2023) में महाविद्यालय से सम्मिलित हुई 10 प्रतिशत छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सि. शांता जोसेफ ने छात्राओं को अपनी शुभाशीष प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना प्रेषित किया। अंत में परीक्षा के समन्वयक आलोक चक्रवर्ती द्वारा इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को महाविद्यालय में संचालित करने का अवसर प्रदान करने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सि. शांता जोसेफ के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

CMYK

# प्रवासी भारतीयों की भूमिका अहम, 900 फैक्टरियां लगाई,सैन्य शासक की भूल पर राष्ट्रपति ने कही यह बात

**कंपाला (युगांडा),21 जनवरी 2024।** अफ्रीकी देश युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने प्रवासी भारतीय लोगों के योगदान की सराहना की है। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था के लिए दक्षिण एशियाई समुदाय, विशेष रूप से भारतवंशी लोगों की जमकर सराहना की। मुसेवेनी ने राजधानी कंपाला में गुटनिरपेक्ष आंदोलन के 19वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। उन्होंने पूर्व सैन्य शासक ईदी अमीन की गलतियों के बारे में भी बात की। अमीन ने युगांडा में बसे एशियाई लोगों को देश छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था। इनमें अधिकांश भारतीय नागरिक थे।

बता दें कि युगांडा को 70 साल पहले NAM देशों के समूह में शामिल किया गया था। 1964 में मिस्र की राजधानी काहिरा में आयोजित दूसरे शिखर सम्मेलन में युगांडा को गुटनिरपेक्ष आंदोलनकी सदस्यता मिली थी। 1971 से 1979 तक लगभग नौ साल अमीन युगांडा के तीसरे राष्ट्रपति रहे। शिखर सम्मेलन के दौरान उनके कार्यकाल से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए मुसेवेनी ने कहा कि देश भी युगांडा की तरह गलतियां करते हैं। हमारे पास भी ईदी अमीन नाम का शख्स था।



उन्होंने कहा कि अमीन ने हमारे एशियाई लोगों (खास तौर पर भारत और पाकिस्तान के नागरिक) को बहुत कम समय में निष्कासित कर दिया। मुसेवेनी ने देश की अर्थव्यवस्था में इनके योगदान को स्वीकार करते हुए कहा कि इन लोगों ने होटल और इस्पात के उद्योग के अलावा चीनी उत्पादन में भी उल्लेखनीय निवेश किया है। उन्होंने कहा कि निष्कासन की अवधि के दौरान देश तेजी से आगे बढ़ने से चूक गया, जिसका उन्हें अफसोस है।

गौरतलब है कि युगांडा छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने के बाद बड़ी संख्या में एशियाई लोगों के बड़े समूह को संघर्ष करना पड़ा। समृद्ध होने के बावजूद इस समुदाय के लोगों को दुनियाभर में अलग-अलग जगहों पर नई दुनिया बसानी पड़ी। इन लोगों ने युगांडा में चल रहा बिजनेस बंद करना पड़ा, जिसे कई वर्षों तक खून-पसीने की कमाई से खड़ा किया गया था। दशकों बाद हालात बदले हैं और अब सरकार तस्वीर बदलने के प्रयास कर रही है।

राष्ट्रपति मुसेवेनी ने अमीन के कार्यकाल में उनकी नीतियों के कारण हुई परेशानी को दूर करने के लिए युगांडा की वर्तमान सरकार के फैसलों को भी गिनाया। उन्होंने कहा, जब हम सरकार में आए तो हमने युगांडा में रहने वाले एशियाई नागरिकों और गैर-नागरिकों की संपत्तियां लौटाने का फैसला लिया। अमीन ने संपत्तियों को जब्त किया था। उन्होंने कहा कि 1980 और 1990 के दशक में देश लौटने के बाद से भारतीय उपमहाद्वीप के एशियाई लोग एक बार फिर देश की अर्थव्यवस्था के स्तंभ बन गए हैं। वापस लौटे भारतीय लोगों ने 900 फैक्टरियों को दोबारा शुरू कर दिया है। इससे युगांडा की अर्थव्यवस्था में भारत की अहम भूमिका रेखांकित होती है।

## रूस नियंत्रित यूक्रेन में बड़ा हमला,मिसाइल अटैक में 13 की मौत,कई घायल

**मॉस्को,21 जनवरी 2024।** रूस के नियंत्रण वाले यूक्रेन के दोनेस्क शहर में रविवार को बड़ा मिसाइल हमला हुआ। यह हमला दोनेस्क के बाहरी इलाके में स्थित एक बाजार में हुआ। इस हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत की खबर है। हमले में 10 लोग घायल भी हुए हैं। दोनेस्क के प्रशासनिक प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने बताया कि यह हमला तेक्सतिलश्चिक इलाके में हुआ।



### यूक्रेन पर लगे हमले के आरोप

डेनिस पुशिलिन ने आरोप लगाया कि यह हमला यूक्रेनी सेना की तरफ से किया गया। कीव ने अभी तक इस हमले को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। वहीं हमले के बाद घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी हैं। रविवार को रूस के यूएसटी-लुगा बंदरगाह पर एक केमिकल ट्रांसपोर्ट टर्मिनल में भी आग लग गई। स्थानीय मीडिया का दावा है कि यूक्रेन के ड्रोन हमले की वजह से एक गैस टैंक में विस्फोट हो गया और आग लग गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस जगह आग लगी, उस पर रूस की दूसरी सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस उत्पादन करने वाली कंपनी नोवाटेक का स्वामित्व है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन घटना के बाद पूरे इलाके को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## भारत का नहीं बदख्शां में क्रैश हुआ विमान,गया में सिर्फ ईंधन भरवाने उतरा था,छह लोग थे सवार

**काबुल, 21 जनवरी 2024।**



अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रविवार को एक यात्री विमान के क्रैश होने की रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं। बताया गया है कि यह एक भारतीय विमान था। हालांकि,भारत के नागर विमानन महानिदेशालय के अधिकारियों ने विमान के भारत का होने से इनकार किया और बताया कि यह मोरक्को में रजिस्टर्ड डीएफ10 एयरक्राफ्ट था। फिलहाल हादसे में हताहतों की संख्या की जानकारी नहीं है।

सरकार ने कहा है कि जो विमान अफगानिस्तान में क्रैश हुआ था, वह एक एयर एंबुलेस थी। यह विमान थाईलैंड से रूस जा रहा था और बिहार के गया में सिर्फ ईंधन भरवाने के लिए उतरा था।

### रूस ने बताया- विमान में सवार थे छह लोग

इस बीच रूस के विमानन अधिकारियों ने बताया है कि अफगानिस्तान में जो विमान क्रैश हुआ,वह शनिवार देर शाम रडार से गायब हो गया था। इसमें छह लोग सवार थे। यह विमान फ्रांस में बना दसॉ का फैल्कन 10 जेट था। यह चार्टर प्लेन भारत से उज्बेकिस्तान के रास्ते मॉस्को आ रहा था।

दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने भी इस क्रैश पर मामला स्पष्ट किया। इसमें कहा गया है कि अफगानिस्तान में दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल एयरक्राफ्ट एक चार्टर प्लेन है और यह मोरक्को में रजिस्टर्ड छोटा विमान है।

इससे पहले अफगानिस्तान की सूचना मंत्रालय के प्रमुख ने बताया कि यह विमान कुरान-मुंजान और जिबाक जिले में तोपखाना की पहाड़ियों पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना की जांच के लिए एक टीम को रवाना किया गया है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह विमान रविवार सुबह क्रैश हुआ है।

## अमेरिका में बदलाव लाने के कई तरीके,रनिंग मेट के सवाल पर ट्रंप समर्थक रामास्वामी का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन,21 जनवरी 2024।** अमेरिका में रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन का एलान कर चुके हैं। उन्हें ट्रंप का भावी सहयोगी और उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी भी माना जा रहा है। खुद ट्रंप इस बात का संकेत दे चुके हैं कि रामास्वामी उनके साथ लंबे समय तक काम करेंगे। इसी बीच खुद को रनिंग मेट मानने या अपनी भावी भूमिका पर रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका में बदलाव लाने के कई और भी तरीके हैं। उन्होंने ट्रंप के चुनाव जीतने पर भविष्य में उपराष्ट्रपति बनने की संभावनाओं पर सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया।



### अमेरिका में बदलाव के लिए उद्यमी के रूप में योगदान

38 साल के रिपब्लिकन नेता और उद्यमी विवेक रामास्वामी ने कहा, इस देश में सरकार के अंदर और बाहर रहकर बदलाव लाने के कई तरीके हैं। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में के दौरान उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल से वे उद्यमी के रूप में अमेरिकी बाजार और समाज में बदलाव लाने के प्रयास कर रहे हैं। द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक रामास्वामी ने एक भावुक भाषण में कहा कि अमेरिका युद्ध जैसे हालात से जूझ रहा है।

### ट्रंप के समर्थन में क्या बोले रामास्वामी

उन्होंने कहा कि हमें विभाजित किया गया है। दो अलग-अलग गुट बन चुके हैं। एक जो अमेरिका से प्यार करते हैं और दूसरा अल्पसंख्यकों का वह समूह जो देश से नफरत करता है। रिपब्लिकन पार्टी ऐसे लोगों के खिलाफ खड़ी है। रामास्वामी ने ट्रंप का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा, अभी हमें ऐसे प्रमुख कमांडर की जरूरत है जो अमेरिका को जीत की तरफ ले जाए।

### आयोवा कॉकस के चुनाव परिणाम

गौरतलब है कि ट्रंप और रामास्वामी अपने अभियान के दौरान पहले भी एक-दूसरे की तारीफ करते रहे हैं। आयोवा कॉकस के 40 प्रतिनिधियों में 20 ट्रंप के साथ हैं। 17 जनवरी को आई खबर के मुताबिक यहां कुल 56,250 वोट डाले गए, इसमें ट्रंप ने 32,840 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। फ्लोरिडा के गवर्नर को रॉन डेसेंटिस आठ प्रतिनिधियों के वोट साथ दूसरे स्थान पर रहे। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली सात प्रतिनिधियों के समर्थन के साथ तीसरे नंबर पर रहीं।

### ट्रंप 21 वीं सदी के महानतम राष्ट्रपति

बता दें कि 17 जनवरी को आयोवा कॉकस के परिणाम सामने आने के बाद रामास्वामी ने अपना नाम वापस ले लिया था। उन्होंने बाकी रिपब्लिकन नेताओं से भी ट्रंप का समर्थन करने की अपील की थी। ट्रंप के सहयोगी बनने की अटकलों का दौर ट्रंप की तारीफ से शुरू हुआ था। रामास्वामी के अभियान की सराहना करते हुए ट्रंप ने संकेत दिया था कि वह उनके साथ लंबे समय तक काम करने को तैयार हैं। ट्रंप ने भरोसा जताया है कि वह बहुत अच्छे रिपब्लिकन नेता साबित होंगे। यह भी दिलचस्प है कि ट्रंप के खिलाफ चार गंभीर आरोपों का मुखर विरोध करने वाले चुनिंदा नेताओं में भारतवंशी विवेक रामास्वामी का नाम सबसे आगे रहा है। रामास्वामी ने ट्रंप को 21वीं सदी का महानतम राष्ट्रपति करार दिया था।

## भारत-अमेरिका संबंध पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद,भारतीयों से बोले राजदूत संधू- अपनी जड़ों से जुड़े रहें

**वॉशिंगटन,21 जनवरी 2024।** भारत और अमेरिका के संबंध ना सिर्फ इन दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए बेहद फायदेमंद हैं। भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने भारतीय अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए यह बात कही। तरणजीत सिंह संधू का अमेरिका में बतौर भारतीय राजदूत कार्यकाल इस महीने के अंत में रिटायरमेंट के साथ खत्म हो जाएगा।



ऐसे में शनिवार को संधू ने अमेरिका में रह रहे प्रमुख भारतीय उद्योगपतियों और अन्य क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर काम कर रहे भारतीयों को संबोधित किया।

**अपने बच्चों को भी भारत से जोड़कर रखें-** तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका है। उन्होंने भारतीय समुदाय से अपील की कि वह अपनी जड़ों से जुड़े रहें और अपने बचों को भी भारत से जोड़े रखें, उन्हें समय-समय पर भारत लेकर जाएं। तरणजीत सिंह संधू 35 साल की सेवा के बाद इस महीने के अंत में भारतीय विदेश सेवा से रिटायर हो रहे हैं। संधू ने अपने विदाई समारोह में दिए अपने संबोधन में कहा यह संबंध बेहद अहम और खास हैं, ना सिर्फ दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी दुनिया की बेहतरी के लिए। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके बच्चे भारत में निवेश करें। वह भी अमेरिका में रह रहे अन्य समुदायों की तरह भारत जाएं।

## 107 दिन से जारी इस्राइल-हमास युद्ध में मृतकों का आंकड़ा 25 हजार के पार, 24 घंटे में 178 की मौत

**तेल अवीव,21 जनवरी 2024।** इस्राइल और हमास का हिंसक संघर्ष पिछले साल शुरू हुआ था। सात अक्तूबर, 2023 को इस्राइल पर हमास के हमले के बाद इस्राइल डिफेंस फोर्सेज के जवान गाजा पट्टी पर हमास के आतंकी ठिकानों पर लगातार बमबारी कर रहे हैं। हिंसक संघर्ष में पिछले 107 दिनों में 25 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 178 लोगों की मौत हो चुकी है। शव बरामद होने के अलावा 300 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर भी सामने आई है।

### पिछले 24 घंटे में 178 शव; 300 लोग घायल

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस्राइल और हमास शासकों के बीच तीन महीने से अदिक समय से युद्ध हो रहा है। हजारों फलस्तीनी लोगों की मौत हुई है। आंकड़ा 25 हजार से अधिक हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक इस्राइल-हमास युद्ध में महिलाएं और बच्चे मुख्य पीड़ित हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा के मुताबिक बीते 24 घंटे में गाजा के अस्पतालों में कम से कम 178 शव और लगभग 300 घायलों को लाया गया।

### मरने वाले और घायलों की संख्या

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सात अक्तूबर से शुरू हुए संघर्ष में अब तक 25,105 फलस्तीनी लोगों की मौत हुई है।



62,681 लोग घायल हुए हैं। अल-किद्रा के मुताबिक इस्राइली हमलों की चपेट में आए कई लोग मलबे के नीचे भी दबे हो सकते हैं। कई इलाकों में चिकित्सा सहयता नहीं पहंचाई जा सकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि मारे गए लोगों में लगभग दो-तिहाई महिलाएं और नाबालिग शामिल हैं। हमास के लड़ाकों की अलग संख्या नहीं बताई गई है।

### IDF की कार्रवाई में कितने मारे गए

इस्राइली सेना के मुताबिक उसने लगभग 9000 आतंकियों को ढेर कर दिया है। हालांकि, उसने इसका कोई प्रमाण नहीं दिया है। सघन आबादी और आवासीय इलाकों में युद्ध के कारण हताहतों में आम लोगों की संख्या काफी अधिक है। इस्राइली सेना (द्बष्ठस्न) के मुताबिक हमले की शुरुआत के बाद 195 सैनिक मारे गए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को जड़ से मिटाने तक हमला बंद नहीं करने की कसम खाई है। इस्राइल के मुताबिक लगभग 130 लोग हमास के कब्जे में हैं। अनुमान के मुताबिक लगभग 100 लोग ही जीवित बचे हैं।

### युद्धग्रस्त इस्राइल में मानवीय संकट गहराया

हमास के हमलों के बाद इस्राइली सेना ने तीन सप्ताह तक गाजा के कथित आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए। इसके बाद उत्तरी गाजा में जमीनी हमलों का दौर शुरू हुआ। इस्राइली सेना की कार्रवाई में लगभग पूरा इलाका तबाह हो चुका है। फिलहाल, दक्षिणी गाजा में खान यूनिस और मध्य गाजा में शरणार्थी शिविरों पर हमले किए जा रहे हैं। 1948 में इस्राइल गठन के समय से ही शरणार्थी शिविर हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक गाजा की लगभग 85 फीसदी आबादी अपने घरों को छोड़कर भाग चुकी है। हजारों लोग दक्षिणी हिस्से में संयुक्त राष्ट्र के आश्रय और शिविर में शरण लिए हुए हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ रेस्क्यू में लगे यूएन अधिकारियों के मुताबिक 2.3 मिलियन की एक चौथाई आबादी भूख से मर रही है। युद्धग्रस्त इलाकों में मानवीय सहायता पहुंचाने में भी देरी हो रही है।





## भव्य रामोत्सव के आयोजन के मद्देनजर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च

### लोगों से यातायात नियमों एवं कानून के पालन की अपील

\- संवाददाता -

**अंबिकापुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह रामोत्सव के मद्देनजर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहाद्र एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से घड़ी चौक से सद्भावना चौक तक फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। कलेक्टर विलास भोस्कर एवं एसपी सुनील शर्मा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश एवं एसडीएम अंबिकापुर फागेश सिन्हा ने कार्यपालिक दंडाधिकारियों एवं पुलिस के जवानों के साथ घड़ी चौक से सद्भावना चौक तक फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से नियमों एवं कानून के पालन की अपील की गई।

इसके साथ फ्लैग मार्च के द्वारा असामाजिक तत्वों को कड़ा सन्देश दिया गया है कि सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में बाधा करने, नियमों के उल्लंघन किए जाने पर सखुती से कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# 45 दुकानों की होनी थी नीलामी फिर 14 दुकान छोड़कर 31 दुकानों की ही क्यों होगी नीलामी ?

करोड़ों में नीलाम होने वाली दुकानों की नीलामी में जल्दबाजी क्यों ?

45 दुकानों की नीलामी में नगर पालिका सूरजपुर की मनमानी ?

पहले आदेश में पूरे 45 दुकानों की हो रही थी नीलामी शिकायत के बाद 14 दुकान छोड़ 31 की नीलामी करने की तैयारी,फिर भी हो रही शिकायत।

नगर पालिका बिना शिकायतों का निराकरण किए आखिर क्यों नीलामी करने की दिखा रही है जल्दबाजी ?

क्या कांग्रेस शासन काल में बनी दुकानों की नीलामी करने के लिए कांग्रेसी दिख रहे ज्यादा उतावले ?

14 दुकान रोक कर बाकी दुकानों की नीलामी का हो रहा विरोध...लोगों का कहना नीलामी हो तो पूरी हो नहीं तो शिकायत के निपटारे के बाद ही सभी दुकानों की नीलामी हो

क्या एक समाज विशेष के कुछ रसूखदार की ही चल रही है नगर पालिका में मनमानी,जिस वजह से नीलामी में नहीं दिख रही निष्पक्षता ?



-ओमकार पांडेय-
**सूरजपुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
नगर पालिका सूरजपुर में दुकान नीलामी को लेकर बवाल मचा हुआ है पहले आदेश निकल गया था जिसमें पूरे 45 दुकानों के नीलामी होनी थी इसके बाद मुख्यमंत्री सहित तमाम उच्च स्तरीय शिकायत हुई जिसके बाद नीलामी की तिथि में परिवर्तन करते हुए नगर पालिका द्वारा आदेश निकाला गया जिसमें 14 दुकानों को छोड़कर 31 दुकानों की नीलामी करने का आदेश दिया गया इसके बाद फिर से लोगों को इसका विरोध है कि जब नीलामी करना है तो पूरी दुकानों को करें 14 दुकान क्यों रोक कर नीलामी की जा रही है क्या इसके पीछे किसी एक समाज विशेष का योगदान है या फिर नगर पालिका अधिकारी व नगर पालिका के जनप्रतिनिधि मनमानी करने पर उतावले हैं? नगर पालिका दुकान नीलामी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा नगर पालिका बिना शिकायत के निपटारा किए ही आखिर क्यों दुकान नीलामी में जल्दबाजी दिखा रही है यह भी बड़ा प्रश्न है जबकि सारे विवादों को निपटा कर भी दुकानों की नीलामी हो सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय नगर पालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा सुभाष चौक शॉपिंग कांप्लेक्स में निर्मित 35 दुकान, प्राइमरी स्कूल के पीछे बाजार गली में निर्मित 9 दुकान व कन्या हाई स्कूल के बगल में निर्मित एक दुकान यानि की कुल 45 दुकानों की नीलामी होनी है, जिसे लेकर पहले एक बार और आदेश निकल गया था यह आदेश के अनुसार 18 जनवरी को पूरे 45 दुकानों की नीलामी होनी थी पर सुभाष चौक भैयाथान रोड के व्यापारियों द्वारा इस नीलामी के विरोध में शिकायत दर्ज कराते हुए, नीलामी प्रक्रिया को निरस्त कराया था, उनका कहना था कि जहां पर आज उनकी दुकान हैं वह दुकान टूट जाएंगे इस वजह से रोड तरफ की दुकानों में पहली प्राथमिकता उन्हें दी जाए, इसके बाद दुकानों की नीलामी तिथि को निरस्त कर दिया गया था, कुछ दिन बाद फिर से नीलामी की तिथि तय की गई यह तिथि 7 फरवरी 2024 को तय की गई है पर पूरे दुकानों में से 14 दुकान छोड़कर सिर्फ 31 दुकानों की ही नीलामी की जा रही है इसका भी विरोध अब शुरू हो गया है इसके खिलाफ भी शिकायत हो रही है और लोगों का कहना है कि सारे दुकानों की नीलामी एक साथ की जाए और आरक्षण रोस्टर का पालन पूरे 45 दुकानों में सही तरीके से कराया जाए।

### कन्या हाई स्कूल की जमीन पर बना दिया दुकान

नगर पालिका सूरजपुर में मनमानी खूब चली है इसका जीता जागता उदाहरण है कन्या हाई स्कूल की जमीन पर बिना एनओसी के दुकान बनाना जिसे लेकर विरोध भी हुआ था फिर बाद में काम रुका भी फिर नेता गिरी व जोर आजमाइश के दम पर आखिर उसे दुकान को पूरा कर लिया, आज उसे दुकान की नीलामी होने जा रही है पर नुकसान तो उसे स्कूल का हुआ जिसकी वह जमीन थी।

### क्या सूरजपुर कलेक्टर दुकान नीलामी मामले मिलेंगे संज्ञान ?

दुकान नीलामी मामले में कई सारी अनियमिताएं हैं जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि कुछ लोग अपने लाभ कमाने के लिए दुकान नीलामी को गलत दिशा में ले जा रहे हैं, यह वजह है की नीलामी को लेकर विरोध हो रहा है और लोग शिकायत भी कर रहे हैं अब इस मामले में सूरजपुर कलेक्टर को संज्ञान लेकर सही तरीके से नीलामी प्रक्रिया करा सकेगे? जिसकी मांग भी हो रही है, नीलामी सही तरीके से हो सके बिना दबाव के यह सूरजपुर कलेक्टर के संज्ञान लेने के बाद ही संभव है ऐसा लोगों का कहना है।




### अतिक्रमणकारियों के पास फ्री होल्ड के तहत जमीन अपने नाम करने का था मौका फिर क्यों नहीं किया ?

कांग्रेस की सरकार ने जो लंबे समय से शासकीय जमीन पर कब्जा करके जीवन यापन कर रहे थे उनके लिए फ्री होल्ड योजना लाया था, जिसके तहत वह शासन से जमीन खरीद सकते थे और जमीन को अपना कर सकते थे फिर भी वह पुरानी सरकार में यह नहीं कर पाए और आज नीलामी प्रक्रिया में प्राथमिकता चाह रहे हैं। जबकि उनके पास काबिज जमीन को अपने नाम करने का पूरा मौका था प्रशासन भी इनका सहयोग कर सकता था पर ऐसा इन्होंने किया नहीं।

### वन विभाग की जमीन को नगर पालिका ने अपने कमाई के उद्देश्य से कराया अपना

सुभाष चौक के पास जिस जमीन पर नगर पालिका द्वारा 35 दुकान का निर्माण कराया गया है वह जमीन वन विभाग की थी और वह जमीन वन विभाग के लिए काफी मौके की जमीन थी, वहां पर वन विभाग भी अपना व्यवसायिक परिसर बना सकता था और उसे आय अर्जित कर सकता था पर नगर पालिका के जनप्रतिनिधि व नेताओं के द्वारा तत्कालीन डीएफओ को अपने पक्ष में करके उसे जमीन को अपने नाम हस्तांतरित कर ली और वहां पर दुकान बना दिया, जिसकी नीलामी को लेकर आज विरोध हो रहा है और कई वजह से विरोध हो रहा है।

### क्या जहां-जहां मुक्ता सिंह चौहान नगर पालिका अधिकारी होगी वहां-वहां दुकानों की नीलामी निष्पक्ष तरीके से नहीं होगी ?

नगर पालिका सूरजपुर में इस समय मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान है जो इससे पहले बैकुंठपुर नगरपालिका में भी पदस्थ रह चुकी है और उनके पदस्थापना के दौरान बैकुंठपुर नगरपालिका की दुकान नीलामी में अनियमिताएं देखी गई है जिसकी शिकायतें भी खूब हुई थी,और एक बार फिर सूरजपुर में वह पदस्थ है और उनके ही कार्यकाल में एक बार फिर से दुकानों की नीलामी प्रक्रिया संपन्न होने जा रही है जिसका विरोध अंदर खाने से शुरू हो चुका है लोगों का आरोप यह भी है कि मुक्ता सिंह चौहान इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही हैं और सही जानकारी नहीं दे रही। सूत्रों का यह भी कहना है कि मुक्ता सिंह चौहान कांग्रेस विचारधाराओं से जुड़ी हुई हैं इसी वजह से वह कांग्रेस के शासनकाल में मनचाहा जगह पर अपनी पदस्थापना पाने में सफल रही है यह जहां-जहां पर रही है वहां पर इनकी शिकायत हुई है। एक बार फिर इनके नगर पालिका क्षेत्र में नीलामी में गड़बड़ी होने का संदेह जताया जा रहा है, लोगों का आरोप है कि यह कांग्रेस पार्षद व नेताओं का ज्यादा सुन रही हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सूरजपुर, जिला–सूरजपुर (छ0ग0)
सुभाष चौक 35 दुकानों का आरक्षण दिनांक 19/01/2024

| क्र0 | आरक्षण रोस्टर | प्रतिशत | दुकानों की संख्या | दुकान क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 6.62% | 2 | 12, 2, |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 14.51% | 5 | 5, 32, 13, 20, 21 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 15.00% | 5 | 7, 6, 18, 24, 33, |
| 4 | विधवा/परित्यक्ता | 3.00% | 1 | 14 |
| 5 | विकलांग | 2.00% | 1 | 17 |
| 6 | भूतपूर्व सैनिक | 2.00% | 1 | 31 |
| 7 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | 2.00% | 1 | 23 |
| 8 | शिक्षित बेरोजगार | 5.00% | 2 | 4, 16 |
| 9 | महिलाएं | 10.00% | 3 | 30, 28, 34, |
| 10 | तृतीय लिंग समुदाय | 2.00% | 1 | 22 |
| 11 | अनारक्षित | - | 13 | 8, 9, 01, 25, 19, 35, 15, 27, 10, 29, 03, 26, 11 |

### सभी दुकानों की नीलामी एक साथ हो ?

सभी दुकानों के नंबरिंग हो गई और साथ ही सभी दुकानों का रोस्टर भी तैयार कर दिया गया पर सवाल यह है कि जब सब कुछ तैयार है तो सारी दुकानों की नीलामी क्यों नहीं हो रही है रोस्टर भी सारे दुकानों के हिसाब से बन गए पर सारे दुकानों की नीलामी पर पेंच फंसा गए ऐसा लग रहा है कि नगर पालिका सूरजपुर व उनके पार्षद सहित नगर पालिका अधिकारी कर रहे हैं पूरी तरीके से अपनी मनमानी जिसका विरोध अब दिखने लगा है और शिकायत भी होने लगी है।

### क्या एक समाज विशेष के कुछ रसूखदार चला रहा नगर पालिका सूरजपुर को ?

सूरजपुर नगर पालिका में क्या एक समाज विशेष के कुछ रसूखदार का एकाधिकार हो गया है उस समाज के कुछ रसूखदार लोग नगर पालिका को अपने हिसाब से चला रहे हैं इसमें बीजेपी कांग्रेस सभी दलों के लोग शामिल हैं जिसे लेकर दबी जुबान पर हर तरफ इस बात की चर्चा भी हो रही है और इनकी मनमानी किसी से छुपी नहीं है हर तरफ उनके मनमानी की चर्चाएं जारी हैं।

### सुभाष चौक स्थित दुकान नीलामी में है पूरा पेंच

सुभाष चौक स्थित दुकान की नीलामी में काफी सारे पेंच हैं, दुकान जिस स्थल पर बना है वह स्थल वन विभाग का था उस स्थल पर नगर पालिका ने 35 दुकानें बनाई है, पर सबसे बड़ी समस्या यह है कि इस दुकान के सामने अवैध तरीके से शासकीय जमीन पर कुछ व्यापारियों द्वारा दुकान बनाकर कई वर्षों से व्यापार संचालित किया जा रहा था अब जब उनकी दुकान टूटने की बारी आई है तो वह उस दुकान की नीलामी में अपनी प्राथमिकता मांग रहे हैं जबकि खुद वह अवैध तरीके से दुकान निर्माण कर इतने समय से अपना जीवन यापन करते आ रहे थे और आज जब उन्हें सही तरीके से दुकान खरीदने चाहिए तो वह उसमें पेंच फंसा रहे हैं और उन्हें पहली प्राथमिकता चाहिए और कम दर पर दुकान चाहिए। और साथ ही चाहिए भी तो वही दुकान चाहिए जो उनके दुकान के सामने पड़ रही है। जिसे लेकर दुकान नीलामी में काफी विरोध देखने को मिल रहा और विरोध की वजह भी समझा जा सकता है।

### अतिक्रमण करने वाले मांग रहे नीलामी में पहली प्राथमिकता और दर में भी कटौती

शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर सालों से अपना व्यापार जमाकर व्यवसाय कर रहे लोगों को अब उनके दुकान टूटने की तकलीफ समझ में आने लगी है इस वजह से वह अपने दुकान के पीछे की दुकान चाहते हैं ताकि उनका व्यापार यहां से वहां शिफ्ट हो जाए और जहां है यह वहीं पर रह जाए पर यह 35 दुकानों में से सब दुकानों में नहीं जाना चाहते यह जाना भी चाहते हैं तो अपने दुकान के पीछे वाले दुकान को ही चाहते हैं इनका कहना है कि उनके अनुसार नगर पालिका दुकान की नीलामी करें और इन्हें प्राथमिकता दें जो न्याय संगत है। यही वजह है कि नगर पालिका के दुकान नीलामी को लेकर कई समस्याएं खड़ी हो गई। इसमें से कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनकी दुकान रोड चौड़ीकरण के दौरान टूट गई थी वह भी इस नीलामी में प्राथमिकता चाह रहे हैं यदि इन्हें ही प्राथमिकता मिलेगी तो फिर बाकी लोगों को तो दुकान मिलना ही मुश्किल है क्योंकि जितनी दुकानें बनी है यह इतनी दुकान इन्हीं कोई प्राथमिकता देने में खत्म हो जाएंगे फिर ना तो रोस्टर का कोई मतलब है और ना ही किसी नीलामी प्रक्रिया की।

### कांग्रेस शासन काल में बने नगर पालिका दुकान को जल्द से जल्द नीलाम करने क्यों जूटे हैं कांग्रेसी पार्षद ?

कांग्रेस शासन काल में सूरजपुर नगर पालिका की बनी 45 दुकान अब जल्द से जल्द नीलाम हो जाए और ज्यादा से ज्यादा आय अर्जित किया जा सके इस उद्देश्य में कांग्रेसी पार्षद लगे हुए हैं क्योंकि अभी समय है जो दुकान नीलाम हो गई उसमें आय अधिक अर्जित किया जा सकता है क्योंकि उसके बाद फिर से नगर पालिका का चुनाव आ जाएगा और उससे पहले लोकसभा चुनाव है नीलामी प्रभावित हो जाएगी इन सब चीजों को देखकर जल्द से जल्द नीलामी करना चाह रहे।

### दुकान नीलामी कर ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में दिख रही जल्दबाजी

सूत्रों का कहना है की नीलामी प्रक्रिया को जैसे तैसे करके पूरा कर लिया जाए ताकि ज्यादा पैसा अर्जित किया जा सके सेटिंग भी कुछ इसी तरीके की अंदर खाने में चल रही है पर वहीं शहरवासियों को इस नीलामी से काफी दिक्कत है उनका कहना है की नीलामी प्रक्रिया सही तरीके से नहीं की जा रही नगर पालिका के अंदर जो खिचड़ी पक रही है वह नीलामी प्रक्रिया को प्रभावित कर रही है और नियम से भटका रही है।

## राम भक्ति में रंगी नजर आई पूर्व केंद्रीय मंत्री व विधायक रेणुका सिंह

### भरतपुर सोनहत विधायक आज हरचौका में सुंदरकांड पाठ व महाआरती में होंगी शामिल

-संवाददाता-
**मनेन्द्रगढ़,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सभी राम भक्ति में लीन नजर आ रहे है। क्या नेता क्या अभिनेता सब पर राम का रंग चढ़ता हुआ नजर आ रहा है। इसी बीच पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक रेणुका सिंह भी राम भक्ति में लीन नजर आई। रेणुका सिंह ने अपने सोशल मीडिया में एक राम भक्ति का वीडियो शेयर किया है। जिसमे रेणुका सिंह ने घर मे राम दरबार सजाया है और वह राम लला के दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित करती हुई नजर आ रही है। वही सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए



वीडियो में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह राम के भक्ति गीतों पर झूमते हुए भी नजर आ रही है। गौरतलब है कि रेणुका सिंह उस विधानसभा क्षेत्र से विधायक है जहां से प्रभु श्री राम के चरण छत्तीसगढ़ राज्य में पड़े थे। भगवान श्रीराम वनवास के दौरान भरतपुर ब्लाक की मवई नदी पार कर हरचौका पहुंचे थे। आज 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तब भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह हरचौका में प्रभु श्री राम की आराधना विधानसभा क्षेत्र वासियों के साथ करती नजर आएंगी। विधायक रेणुका सिंह ने सभी से एक दिया कौशल्या के राम के नाम छत्तीसगढ़ के भांचा प्रभु श्री राम के नाम प्रज्वलित करने की अपील भी की है।

## पुलिस द्वारा ली गई शांति समिति की बैठक में पहुंचे दर्जन भर लोग सिर्फ शांति समिति की बैठक का कोरम हुआ पूरा

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर/पटना,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
पुलिस द्वारा ली गई शांति समिति की बैठक में पहुंचे दर्जन भर लोग और पूरा कर लिया गया शांति समिति की बैठक का कोरम। पुलिस द्वारा नगरवासियों,प्रबुद्धजनों,व्यापारियों सहित पत्रकारों को सूचना न देने के कारण लोग शांति समिति की बैठक में नहीं पहुंच पाए।



अयोध्या में नव निर्मित श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा, धार्मिक अनुष्ठान को लेकर देश भर के श्रद्धालूओं में उत्साह का माहौल है, इसी तारतम्य में पटना सहित क्षेत्र के कटकोना, पाण्ड्वपारा कोयलांचल के साथ साथ गांव गांव में धार्मिक अनुष्ठान एवं उत्सव मनाया जायेगा, धार्मिक अनुष्ठान एवं उत्सव अच्छे से संपन्न हो सके इसके लिए पटना क्षेत्र में पुलिस की भूमिका पूरी सुस्त नजर आ रही है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 21 जनवरी को पटना थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया लेकिन इसकी जानकारी पटना के प्रबुद्धजनों, व्यापारियों यहां तक कि प्रत्येक घटना, दुघटना व अन्य गतिविधियों पर नजर रखने वाले पत्रकारों को को भी शांति समिति की बैठक में की सूचना व जानकारी पटना पुलिस द्वारा नहीं दी गई जिस वजह से शांति समिति की बैठक में पटना क्षेत्र के 84 गांव से महज दर्जन भर लोग ही पहुंचे और पुलिस द्वारा शांति समिति की बैठक का कोरम पूरा कर लिया गया।

# दाह संस्कार के लिये कई सालों पटना 84 क्षेत्र को लकड़ी के लिए होना पड़ता है परेशान

## पटना वन विभाग से डिपो में नहीं रहता लकड़ी,जनप्रतिनिधि का भी इस मामले को लेकर उदासीन रवैया

## काष्ठागार में जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराये वन विभागः राजेन्द्र गुप्ता

### पंचयत सिर्फ निर्माण पर ही देती है ध्यान यदि वह चाहता तो लकड़ी उपलब्ध हो जाता...

क्षेत्र में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध कराना भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों का दायित्व है पर इस दायित्व को निभाने में वह असमर्थ है, उनका सिर्फ पूरा ध्यान निर्माण में ना की क्षेत्र के लोगों को भी लकड़ी उपलब्ध हो सके किसी और भी उन्हें ध्यान देना चाहिए, पर अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध हो इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों का भी इस और कोई ध्यान नहीं जाता जबकि यह समस्या आए दिन की है और इस समस्या से पूरा क्षेत्र पीड़ित है और यह बात पंचायत प्रतिनिधियों को पता है।

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/ पटना 21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिला व बैकुंठपुर विधानसभा का सबसे बड़े क्षेत्र में आता है पटना 84 इस समय यदि कोई बड़ी समस्या है तो वह अंतिम संस्कार के समय लकड़ी न मिल पाने की, इन क्षेत्रों में दाहसंस्कार के लिए इलेक्ट्रिक मशीन नहीं है लकड़ी पर ही आश्रित है पर लकड़ी भी न मिलने से दाहसंस्कार के लिए लोगों को भटकना पड़ता है, यह एक ऐसा समय रहता है जब किसी के घर का कोई सदस्य जाता है तो उसकी परेशानी खुद भी ज्यादा होती है पर लकड़ी न मिलने पर उसकी परेशानी और बढ़ जाती है पर इस और जनप्रतिनिधियों का भी ध्यान नहीं जाता, पटना में काष्ठागर भी है पर वहां पर लकड़ी उपलब्ध नहीं रहता।

ज्ञात होगी एलपीजी गैस आने के साथ कई और ईधन के संसाधन लोगों के पास मौजुद है पर आज भी ग्रामीण ईलाकों में ईधन के तौर पर लकड़ी का प्रयोग किया जाता है। परंतु शव को अंतिम संस्कार में जलाने की परम्परा पुरातन रही है। इसलिये दाहसंस्कार जैसे परम्परा में लकड़ी की विशिष्ट स्थान है, और यह आवश्यक सुविधा में आता है। पटना 84 में आये दिन लोगों को दाह संस्कार के लिये ईमारती लकड़ी की आवश्यकता पड़ती है जिसके लिये उन्हें जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के आश्रित रहना पड़ता है और वहां लाने में लोगो का अतिरिक्त पैसा भी लगता है। सालों पहले वन विभाग के द्वारा रेंजर ऑफिस के पीछे लकड़ी व्यवस्था रहती थी पर कुछ सालों से यहां लकड़ी क्यों नहीं मिल पाती यह समझ के परे है।



### पंचायत के जनप्रतिनिधियों का दायित्व बनता है

पटना निवासी राजेन्द्र गुप्ता उर्फ बाबू ने लोगों को होने वाले तकलीफो को साझा करते हुये बताया कि यदि वन विभाग ध्यान नहीं देता है तो पंचायत के जनप्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि वह कम से कम अपने पंचायत के लोगों के लिये आम लोगों के इस विशिष्ट कार्य के लिये लकड़ी की व्यवस्था कराये। जबकि हमारा पंचायत अब नगर पंचायत की दौड़ में शामिल है पर मूलभूत सुविधा के लिये हमें जिला मुख्यालय में वन विभाग के डीपो अथवा निजी व्यवसायी के अधीन रहना पड़ता है। पटना में भी इसकी सुविधा वर्षो पहले मिला करती थी पर अब जनप्रतिनिधियो के साथ वन विभाग के अधिकारीयों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है।

# महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के निर्देश पर महिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा निकाली गई हसदेव अरण्य बचाओ रैली

-संवाददाता-
कोरबा 21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



महिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्षिका फूलोदेवी नेताम के निर्देश पर महिला कांग्रेस कमेटी सहर एवं ग्रामीण के सयुक्त रूप से निकली गई हसदेव अरण्य बचाओ रैली । इस मौके पर जिला अध्यक्षिका श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने कहा कि आदिवासी समाज के हित के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को पेड़ों की कटाई पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी बड़ी मुहीम चला रही है। नया कोयला खदान के लिए हजारों की संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं। ग्रामीण अध्यक्षिका प्रभा तवर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासी समुदाय के है,उन्हें आदिवासी विचारधारा, संस्कृति, परंपरा और मान्याताओं की जानकारी है। आदिवासी समुदाय जल, जंगल जमीन के प्रति प्यार, समर्पण से मुख्यमंत्री जी भली-भाती परिचित हैं। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में इस स्थान पर पेड़ कटाई से रोक लगाई गई थी, लेकिन प्रदेश के सत्ता परिवर्तन होते ही यहां पेड़ों की कटाई शुरू हो गई। उन्होंने आगे कहा कि नए खदान खोलना और जंगलो का विनाश सिर्फ एक व्यक्ति के लिए किया जा रहा हैं, जो हसदेव से कोयला निकालकर मुनाफा कमाना चाहता है। इस जंगल में हजारों की संख्या में जीव-जंतु निवासरत हैं। इसका विनास करना प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना होगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, मनीषा अग्रवाल, अनिता महंत, त्रिवेणी राठिया, सीमा उपाध्याय, सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



# श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठ समारोह की महाआरती हेतु 10000 दीपक एवं 600 हनुमान चालीसा का किया गया वितरण

-संवाददाता-
कोरबा,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

दिनांक 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर निर्मित अलौकिक एवं भव्य मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की गूंज पूरे भारत में सुनाई दे रही है एवं इस हेतु अयोध्या के मंदिर मे जिस प्रकार की वृहद तैयारियां हो रही है उसी प्रकार देश के समस्त मंदिरों में इस दिन किये जाने वाले विशेष पूजन हेतु मंदिरों की साफ सफाई का कार्य स्वेच्छा से विभिन्न संगठनों के द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल कोरबा जिला के अखिलेश भारती एवं संस्था के कार्यकर्ताओं के द्वारा श्री सप्त देव मंदिर में साफ सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर श्री सप्त देव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी जी की गरिमामय उपस्थिति थी, जिन्होने नमामि हसदेव जी की महाआरती हेतु 10000 दीपक एवं घर घर पाठ हेतु 600 हनुमान चालीसा निःशुल्क भेंट किया एवं नगर वासियों से अपील की, दिनांक 22 जनवरी को सभी प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को धूमधाम से दीपावली के तुल्य ही मनाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करें।

# अंतरराज्जीय गांजा तस्कर से 2 लाख कीमत के 10 किलो गांजा जप्त



-संवाददाता-
सूरजपुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश पर जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है। इसी तारतम्य में दिनांक 20.01.2024 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सूरजपुर की ओर से गांजा लेकर बिक्री करने हेतु आमगांव खदान की ओर आने वाला है।

थाना रामानुजनगर पुलिस ने सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना हुई और ग्राम साल्ही आमगांव में घेराबंदी कर सूर्यकांत सिठ्ठा पिता जोगी सिठ्ठा उम्र 32 वर्ष निवासी तेनतुलिया पल्ली थाना खण्डोपोड़ा जिला नयागढ़ उड़ीसा को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 10 किलो गांजा पाया गया जिसकी कीमत 2 लाख रूपये है। मामले में गांजा जप्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर परीवीक्षा-धीन डीएसपी स्निग्धा सलामे,एएसआई मनोज पोर्ते,विशुनदेव पैंकरा, माधव सिंह, प्रधान आरक्षक विजय केरकेट्टा, हंसराम कनेडिया, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, अमलेश्वर सिंह, गणेश सिंह, प्रवीण मिंज, गजेन्द्र सिंह, कौशलेन्द्र सिंह व दीपक यादव सक्रिय रहे।

# भगवान श्री लक्ष्मीनारायण व महाकालेश्वर मंदिर ग्राम मसगा में शुरू होंगे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा

-संवाददाता-
प्रतापपुर,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

**प्रतापपुर।** 22 जनवरी से लेकर 29 जनवरी तक होंगे भागवत कथा श्रीधाम बृंदावन से आये कथा वाचक व्यास पूज्य श्री अनादि महाराज द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सुनेंगे।

अत्यंत हर्ष का विषय है कि श्री लक्ष्मी नारायण जी की आशीर्वाद से ग्राम मसगा मे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, श्री लक्ष्मीनारायण बैकुंठपुरी मन्दिर ग्राम मसगा,तहसील प्रतापपुर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन दिनांक 22 जनवरी से 29 जनवरी तक किया जाना है श्री बृंदावन धाम से आये कथा वाचक व्यास पूज्य श्री अनादि जी महाराज और समस्त ग्रामवासी श्रद्धालुओं के द्वारा कार्यक्रम रखा गया है। दिनांक 22 जनवरी को कलश यात्रा सुबह 8 बजे से बाबा भोले नाथ नगरी



शिवपुर से जल उठाकर कलश यात्रा करते हुए प्रतापपुर के नया बस स्टेंट पुराना बस स्टेट होते हुए राजघराना चौक, कदमपारा चौक, शांतिनगर, चाचीडॉड़ टुकुडॉड़ मसगा मन्दिर लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुँचेगी। इसके बाद कथा की प्राम्भ होगी। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। दिनांक 23 जनवरी को कथा प्राम्भ होगा और उसी दौरान सुखदेव जी दिव्य दर्शन होगा। दिनांक 24 जनवरी को कथा प्राम्भ के दौरान भोले बाबा जी का दिव्य दर्शन होगा। दिनांक 25 जनवरी को कथा प्रारम्भ के दौरान भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव होगा। दिनांक 26 जनवरी को कथा प्राम्भ के दौरान भगवान श्री कृष्ण लीला,मटकी फोड़,गोवर्धन पूजा होगा। दिनांक 27 जनवरी को कथा प्राम्भ के दौरान भगवान श्री कृष्ण रुकमणी विवाह उत्सव होगा। दिनांक 28 जनवरी को कथा प्राम्भ के दौरान सुदामा चरित्र एवं फूलो की होली होगी और कथा समाप्त होगा। दिनांक 29 जनवरी को समापन एवं पूर्णाहूर्ति होगा। लक्ष्मीनारायण मंदिर के मुख्य यजमान दिलबोध राम मानकुंवर श्याम, सुनील श्याम,मन्दिर पुजारी इंद्रेश दुबे समिति पदाधिकारी अध्यक्ष संजय जायसवाल, राजाराम राजवाड़े, तुपेश्वर राजवाड़े, रितेश



यादव, सुमन्त प्रजापति, नवीन जायसवाल,अशोक जायसवाल, बादल सूर्या, अजय जायसवाल, मोहन भोय, श्रवण सोनी, शिवकुमार जायसवाल,तुलसी दास, सनत प्रजापति, लक्षण जायसवाल,आशीष प्रजापति,देवनाथ,मंगल तिर्की, राजकुमार पटेल, रवि,जायसवाल, विनोद जायसवाल, जैकी जायसवाल, श्रीकांत,अलखनिरंजन, सूरज, आकाश, नीतिश, भूलन,पप्पू अन्य श्रद्धालु उपस्थित है।

# कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र स्थित कल्चरल भवन व निर्माणाधीन कन्वेंशनल हॉल का किया निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरबा,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री वसंत ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निर्मित कल्चरल भवन एवं निर्माणाधीन कन्वेंशनल हॉल का निरीक्षण किया।उन्होंने भवनों का कार्यात्मक उपयोग में लाने के लिए शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने एवं जल्द ही उपयोग में लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र के डिंगापुर रोड स्थित कला व संस्कृति भवन (कल्चरल हॉल) का अवलोकन करते हुए परिसर की साफ सफाई, विद्युत, पेयजल की व्यवस्था एवं आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन के कार्यात्मक उपयोग में लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इस हेतु विभागीय अधिकारियों से भवन आवश्यकता की जानकारी लेकर उन्हें आबंटित करने या अर्बन सोसायटी के माध्यम से भवन को निजी संस्थाओं को किराए पर उपलब्ध कराने की बात कही। इसी प्रकार रिस्दी मार्ग में निर्माणाधीन कन्वेंशनल हॉल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भवन के अधूरे कार्य को तीव्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा। कलेक्टर श्री वसंत ने कन्वेंशनल हॉल हेतु तैयार आर्किटेक्चर प्लान का अवलोकन के पश्चात् आवश्यकतानुसार आगे की कार्यवाही करने की बात कही। इस अवसर पर एसडीएम श्री श्रीकांत वर्मा, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल श्री आर. के. दन्देलिया, निगम अपर आयुक्त श्री खंजाची कुमार, सहित अन्य अधिकारी एवं क्रियान्वयन इकाई के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पूर्व व्यवसायिक शिक्षा प्रशिक्षण बच्चों के जीवन कौशल विकास हेतु नितांत आवश्यक





-संवाददाता-
खड़गवां,21 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

समग्र शिक्षा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंजारीडांड विकासखंड खड़गवां का चयन वर्ष 2023 - 24 में पूर्व व्यवसायिक शिक्षा प्रशिक्षण हेतु किया गया। इसका उद्देश्य विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को स्थानीयजनों की सहभागिता से बच्चों का कौशल विकास करना है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शाला विकास समिति के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया ।उपस्थित सदस्यों को प्रधान पाठक शैलेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि इस वर्ष समग्र शिक्षा के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंजारीडांड का चयन पूर्व व्यव सायिक शिक्षा प्रशिक्षण हेतु किया गया है। इस हेतु संस्था को दस हजार रूपये की राशि प्राप्त हुई है ।उक्त राशि का उपयोग आपकी सहमति से विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु किया जाना है। कौशल विकास हेतु स्थानीय प्रशिक्षक बालेंद्र कुमार बंजारे द्वारा सिलाई कार्य, उमेद्र कुमार साहू द्वारा सामान्य विद्युत कनेक्शन, शाला की पूर्व छात्रा कुमारी साक्षी साहू द्वारा मेंहदी लगाने की कला, शाला में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती सरिता सिंह एवं श्रीमती कविता भगत के द्वारा बच्चों को कढ़ाई- बुनाई, पेपर कटिंग एवं पेंटिंग का हूनर सिखाया गया। जिसका उपयोग बच्चे अपने दैनिक जीवन एवम संस्था में कर रहे है। पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण बच्चों को जीवन कौशल के उत्थान हेतु नींव का पत्थर साबित हो रहा है। बच्चों की कला देखकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह,बी0आर 0सी0ओम शंकर सिंह शैक्षिक समन्वयक कन्हैया लाल रवि और पालकों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा की।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 Q/ब-121/2023-24
दिनांक 19/01/2024

आवेदक/आवेदिका का नाम रामभरोष पिता/पति ठाकुर नाथ जाति रजवार निवासी पर्री ग्राम पर्री प0ह0नं0 थाना सूरजपुर तहसील व सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने :-माता :- फुलमेत पिता/पति ठाकुर नाथ जन्म/मृत्यु दिनांक :- 19/07/2013 का जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक :- 12/02/2024 दिन-सोमवार को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक :-19/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

## संक्षिप्त खेल समाचार


### ग्रां प्री डी फ्रांस में रवि दहिया ने जीता ब्रॉन्ज



**नई दिल्ली, 21 जनवरी 2024।** टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया ने चोटों के कारण पूरे 2023 सीजन को मिस करने के बाद फ्रांस के नीस में हेनरी डेग्लेन ग्रां प्री कुश्ती टूर्नामेंट में कांस्य पदक हासिल कर वापसी की।रवि दहिया ने पुरुषों के 61 किग्रा फ्रीस्टाइल कांस्य पदक मुकाबले में कजाकिस्तान के कैरत अमिरतायेव के खिलाफ 10-4 से जीत हासिल की। दहिया ने 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता (13-2) के आधार पर जर्मनी के जूलियन ज़िन्सर को हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के जंगार काबिलबेकोव को 12-6 से हराया। अपने दमदार प्रदर्शन के बावजूद भारतीय पहलवान को सेमीफाइनल में झटका लगा और फ्रांस के अरमान एलॉयन के खिलाफ 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद दहिया ने कांस्य पदक मुकाबले में अपनी दावेदारी पेश की। 26 वर्षीय ने आखिरी बार 2022 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा की थी। दुर्भाग्य से उन्हें अपने दाहिने घुटने विशेष रूप से एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) और मेडियल कोलेटरल लिगामेंट (एमसीएल) में चोट लगने के कारण अप्रैल 2023 में एशियाई चैंपियनशिप से हटना पड़ा, जो उन्हें फरवरी में एक अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी।

### ब्राइटन ने वैलेंटिन बार्को को टीम में किया शामिल

**लंदन,21 जनवरी 2024।** प्रीमियर फुटबॉल लीग क्लब ने बताया कि ब्राइटन एंड होव एल्बियन ने बोका जूनियर्स से अर्जेंटीना के अंडर-21 स्टार वैलेंटिन बार्को को जून 2028 तक साढ़े चार साल के अनुबंध पर साइन करने की घोषणा की है।19 वर्षीय वैलेंटिन बार्को ने बोका जूनियर्स के लिए 35 फर्स्ट टीम मैच खेले हैं, जहां वह अकादमी के माध्यम से टीम में शामिल हुए थे, और क्लब को पिछले साल के कोपा लिबर्टाडोरेस फाइनल तक पहुंचने में मदद की थी।वैलेंटिन ने अंडर-23 स्तर तक अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व किया, जिसके लिए उन्होंने दिसंबर में डेब्यू किया था। वर्तमान में इस ग्रीष्मकालीन पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले कॉनमेबोल क्वालीफायर में अंतर्राष्ट्रीय ड्यूटी पर हैं।ब्राइटन के तकनीकी निदेशक डेविड वियर ने कहा, हमें क्लब में उनका स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह रॉबर्टो के तहत कैसे प्रगति और विकास करते हैं। उन्होंने मुख्य रूप से बाईं ओर फुल-बैक, विंग-बैक या विंगर के रूप में खेला है, लेकिन उन्होंने बोका के साथ मिडफ़ील्ड में खेलते हुए अपनी प्रतिभा भी दिखाई है।वह एक अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि हम उसे समय दें क्योंकि उसे नए परिवेश और प्रीमियर लीग में अपनी जगह बनाने और खुद को ढालने की जरूरत है।



# इंग्लैंड का भारत से मुकाबला 25 जनवरी को



» क्या भारत में काम करेगा बैजबॉल

» स्पिन पिचों पर अश्विन-जडेजा सबसे बड़ी चुनौती

» 19 महीने में 72 प्रतिशत टेस्ट जीत चुका है इंग्लैंड

**नई दिल्ली,21 जनवरी 2024।** इंग्लैंड की टीम भारत में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने के लिए हैदराबाद पहुंचेगी। जहां टीम को 3 दिन बाद 25 जनवरी से पहला मुकाबला खेलना है। इंग्लिश टीम पिछले 19 महीनों में अपने अटैकिंग बैटिंग अप्रोच से 72 प्रतिशत टेस्ट जीत चुकी है, जिसे बैजबॉल के नाम से पहचाना जाने लगा है।

इंग्लैंड टीम में बैजबॉल एरा की शुरुआत बेन स्टोक्स के कप्तान और ब्रेंडन मैक्कुलम के कोच बनने के बाद हुई। इन दोनों की लीडरशिप में टीम पिछले 5 टेस्ट सीरीज में अजेय रही। लेकिन इंग्लैंड के बैजबॉल मॉडल का सबसे बड़ा चैलेंज तो अब शुरू होगा। जब टीम भारत की स्पिन पिचों पर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे वर्ल्ड क्लास स्पिनर्स का सामना करेगी।

#### क्या होता है बैजबॉल ?

क्रिकेट बुक में कोई ऑफिशियल बैजबॉल थ्योरी नहीं है, लेकिन इसे इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए अटैकिंग अप्रोच को दर्शाने के लिए नाम दे दिया गया। बैजबॉल 2 शब्दों से मिलकर बना है, इसमें बैज और बॉल शामिल हैं। बैज इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम का निकनेम है और बॉल क्रिकेट का एक एलिमेंट, जिसके बिना खेल पॉसिबल ही नहीं है। इन दोनों शब्दों को मिलाकर बैजबॉल बनाया गया।

मैक्कुलम न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हैं और वे अपने करियर के दौरान बहुत अटैकिंग बैटिंग करते थे। ओपनिंग करते हुए वे पहली से आखिरी बॉल तक बड़े शॉट्स लगाने पर ही फोकस करते थे। उन्हीं की स्ट्रैटजी को अब बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टेस्ट टीम ने अपना लिया।

टेस्ट में आमतौर पर टीमें समय लेकर बेहद धीमी गति से रन बनाती हैं, लेकिन स्टोक्स और मैक्कुलम की लीडरशिप में इंग्लैंड टीम टेस्ट में भी बहुत तेजी से रन बना रही है। जून 2022 के बाद से टीम ने करीब 76 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौरान बाकी टीमों का स्ट्राइक रेट 45 से 56 के बीच ही रहा।

#### सबसे सफल इंग्लिश कप्तान रूट के बाद स्टोक्स ने संभाली कमान

बेन स्टोक्स ने जो रूट के कप्तानी छोड़ने के बाद इंग्लिश टेस्ट टीम की कमान संभाली। रूट ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 64 मैचों में कप्तानी की और टीम को बाकी कप्तानों के मुकाबले सबसे ज्यादा 27 टेस्ट भी जिताए, लेकिन उनकी कप्तानी में टीम पिछले 17 में से एक ही मुकाबला जीत सकी थी। 5 मुकाबले ड्रॉ रहे, जबकि 11 में टीम को हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान रूट के खराब फॉर्म की शुरुआत भी 2021 में भारत दौरे से ही हुई थी, जहां टीम को 3-1 से टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी। टीम की खराब परफॉर्मेंस के बाद रूट ने मई-2022 में कप्तानी छोड़ दी, जिसके बाद स्टोक्स को नया कप्तान बनाया गया। मई में ही ब्रेंडन मैक्कुलम को भी इंग्लिश टेस्ट टीम का हेड कोच पद मिला।

#### 18 में से 13 टेस्ट जीते,एक भी सीरीज नहीं गंवाई

स्टोक्स और मैक्कुलम की जोड़ी बनने से इंग्लैंड ने बैटिंग में अटैकिंग अप्रोच अपनाया, जिसे अब बैजबॉल कहा जा रहा है और बैजबॉल के ही दम पर इंग्लैंड ने 18 में से 13 टेस्ट जीत लिए। यानी जीत परसेंटेज 72.2त्न रहा। टीम ने महज 4 मुकाबले गंवाए, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। 18 महीने के अंदर ही स्टोक्स इंग्लैंड के टॉप-10 टेस्ट कैप्टन में भी शामिल हो गए।

बैजबॉल स्ट्रैटजी के बाद इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ कुल 5 सीरीज खेलीं। टीम ने 3 सीरीज जीतीं, जबकि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज ड्रॉ रहीं। इस दौरान भारत और आयरलैंड के खिलाफ टीम ने एक-एक टेस्ट जीता भारत ही है बैजबॉल का सबसे बड़ा चैलेंज बैजबॉल अप्रोच को अब तक न्यूजीलैंड की पिच और ऑस्ट्रेलिया के बॉलिंग अटैक से ही परेशानी हुई, लेकिन टीम का सबसे बड़ा चैलेंज भारत की स्पिन फ्रेंडली पिचें, यहां की कंडीशन और टीम इंडिया के टॉप क्लास स्पिनर्स हैं। इंग्लिश बैटर्स फ्लैट पिच पर ही खुलकर रन बना सके हैं, जबकि भारत में न तो फ्लैट पिचें मिलेंगी और न ही कमजोर गेंदबाज।

## अंडर 19 वर्ल्ड कप स्टार आदर्श ने कहा:हर गेंद को उसकी योग्यता के आधार पर खेलने का लक्ष्य

**ब्लोमफोंटेन,21 जनवरी 2024।** भारत की बांग्लादेश पर 84 रन से जीत में पुरुष अंडर-19 विश्व कप में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत करने में सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए शानदार 76 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई और अपनी टीम को जीत दिलाई।

मैच में एक समय भारत का स्कोर 31/2 था, लेकिन आदर्श ने कड़ी मेहनत की और शुरुआती संघर्षों से उबरते हुए एक जुझारू पारी खेली। उन्होंने कप्तान उदय सहारन (64) के साथ तीसरे विकेट के लिए 116 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए अपनी 76 रन की पारी में छह चौके लगाए।



कानपुर, उत्तर प्रदेश के रहने वाले आदर्श सिंह ने अपने मैच जीतने वाले प्रदर्शन पर प्रसारकों को बताया, ÷प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने पर बहुत अच्छा लग रहा है। शुरुआत में कुछ हलचल की उम्मीद थी, विचार यह था कि हर गेंद को उसकी योग्यता के आधार पर खेला जाए। जब हमने दो विकेट जल्दी खो दिए, तो उदय के साथ बातचीत कुछ बड़ी कोशिश न करने की थी।

÷यहां बांउड्री बड़ी हैं इसलिए हम सिर्फ स्ट्राइक रोटेट करना चाहते थे। 1 को 2 में बदलना चाहते थे। हमने भारत में चतुष्कोणीय श्रृंखला में इन टीमों के साथ खेला है। किसी भी गेंदबाज के खिलाफ कोई खास योजना नहीं थी। मेरा पसंदीदा शॉट कवर ड्राइव है। अरावेली अवनीश (17 गेंदों पर 23) और सचिन धास (20 गेंदों पर 26) ने भारत को 250 के पार पहुंचाने में मदद की। यहां तक कि तेज गेंदबाज मारुफ़ मृधा ने पांच विकेट भी लिए। गेंद के साथ, उप-कप्तान, बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य कुमार पांडे ने 24 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे भारत ने बांग्लादेश को 45.5 ओवर में 167 रन पर आउट कर दिया। कप्तान सहारन ने कहा, ÷हमने अपनी योजनाओं पर काम किया। हम गैर-क्रिकेटिंग ड्रामा पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहते थे। हमने अपनी योजनाओं को लागू किया। हमने दो विकेट जल्दी खो दिए, लेकिन हमने संयम बनाए रखा। आदर्श ने शानदार पारी खेली। हमें पता था कि रन आएंगे। सभी गेंदबाज प्रभावशाली थे और हमारे लिए हर मैच महत्वपूर्ण है। अंडर19 पुरुष विश्व कप के ग्रुप ए में भारत का अगला मैच 25 जनवरी को ब्लोमफोंटेन के मैंगौंग ओवल में आयरलैंड के खिलाफ होगा।

### पुरुषों में इथोपिया के हेले लेमी और महिलाओं में अबराश मिनसेवो ने जीती मुंबई मैराथन

**मुंबई,21 जनवरी 2024।** गत चैम्पियन हेले लेमी बेरहानू और अबराश मिनसेवो ने रविवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला स्पर्धा खिताब अपने नाम किये जिससे टाटा मुंबई मैराथन में उम्मीद के अनुरूप इथियोपिया के धावकों का दबदबा रहा। भारतीय पुरुष धावकों में श्रीनू बुगाथा ने 2:17:29 सेकेंड के समय से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके बाद गोपी थोनाकल (2:18:37) दूसरे और शेर सिंह तंवर (2:19:37) तीसरे स्थान पर रहे। शीर्ष 10 एलीट पुरुष धावकों में दो भारतीय शामिल रहे जिसमें श्रीनू आठवें और गोपी 10वें स्थान पर रहे। भारतीय सेना के श्रीनू ने जीत के बाद कहा, ''मैं कोर्स रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य बनाये था लेकिन अंतिम पांच किलोमीटर ठीक नहीं रहे। '' गोपी और श्रीनू 27 किलोमीटर तक साथ ही चल रहे थे लेकिन फिटनेस संबंधित परेशानी के कारण गोपी को कुछ ब्रेक लेने पड़े। गोपी ने कहा, ''मुझे मांसपेशियों में खिंचाव हो रहा था, मुझे स्ट्रेचिंग के लिए थोड़ा रूकना पड़ा। '' सभी वर्गों की एलीट रेस में इथियोपियाई एथलीट ने बाजी मारी। पुरुष एलीट वर्ग में लेमी ने 'गोल्ड लेबल रोड रेस' में 2:07:50 सेकेंड के समय से लगातार दूसरी जीत दर्ज की। हेमैनोट अलेव (2:09:03) दूसरे स्थान और मितकू टाफा (2:09:58) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में मिनसेवो ने 2:26:06 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता जबकि हमवतन मुलुहाबत तसेगा (2:26:51) दूसरे और मेधिन बेजेने (2:27:34) तीसरे स्थान पर रहीं। एलीट रेस में भारतीय महिलाओं में निरमाबेन ठाकोर भरतजी (2:47:11) प्रथम स्थान पर रहीं। भारतीयों में रजत पदक रेशमा केवटे (3:03:34) ने जीता जबकि कांस्य पदक पश्चिम बंगाल की श्यामली सिंग (3:04:35) ने हासिल किया। पुरुषों की हाफ मैराथन में सावन बरवाल ने स्वर्ण, किरण मात्रे ने रजत और मोहन सैनी ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की हाफ मैराथन में अमृता पटेल ने पहला स्थान हासिल किया। पूनम सोनोन ने रजत और कविता यादव ने कांस्य पदक जीता।

## हैरी ब्रूक भारत टेस्ट सीरीज से बाहर हुए

**नई दिल्ली,21 जनवरी 2024।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को पुष्टि की कि स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक व्यक्तिगत कारणों से भारत टेस्ट दौरे से चूक जाएंगे। ईसीबी ने ब्रूक की अनुपस्थिति की घोषणा करने के लिए एक बयान जारी किया जिसमें लिखा था, हैरी ब्रूक भारत के इंग्लैंड पुरुष टेस्ट दौरे से व्यक्तिगत कारणों से तत्काल प्रभाव से घर लौटने के लिए तैयार हैं। वह भारत नहीं लौटेंगे। इंग्लैंड के चयनकर्ता एक प्रतिस्थापन खिलाड़ी की पुष्टि करेंगे। उचित समय पर दौरे के लिए।



ब्रूक थ्री लायंस के लिए एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं, क्योंकि सितंबर 2022 में अपने टेस्ट डेब्यू के बाद से, किसी ने भी इंग्लैंड के लिए ब्रूक जितने कुल 45 मैच नहीं खेले हैं। इस बार बेन स्टोक्स सीरीज के लिए नए लुक वाली इंग्लैंड टेस्ट टीम का नेतृत्व करेंगे। सीरीज का पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा जबकि पांचवां और आखिरी टेस्ट धर्मशाला में होगा और सीरीज 11 मार्च को खत्म होगी.भारत में, जेम्स एंडरसन तेज आक्रमण का नेतृत्व करेंगे, जबकि अनकैप्ड गस एटकिंसन को सीमित ओवरों की टीम से पदोन्नत किया जाएगा। टीम में अन्य तेज गेंदबाज मार्क वुड और ओली रॉबिन्सन हैं।

### फ्रिट्ज़ ने सितसिपास को हराया

#### क्वार्टर फाइनल में जोकोविच से भिड़ेंगे

**मेलबर्न,21 जनवरी 2024।** क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए टेलर फ्रिट्ज़ ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने पिछले साल के उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास को 7-6(7-3), 5-7, 6-3, 6-3 से हराया। 12वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शानदार टेनिस का प्रदर्शन किया और केवल तीन घंटे से अधिक समय में जीत हासिल कर अंतिम आठ में 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच से भिड़ंत तय की।

फ्रिट्ज ने 50 विनर्स लगाए और केवल 19 बेजां भूलें कीं, जबकि सितसिपास का 41/33 का आंकड़ा रहा। 26 वर्षीय खिलाड़ी अब चार बड़ी प्रतियोगिताओं में से तीन में अंतिम आठ में पहुंच गया है, 2022 में विंबलडन और 2023 में यूएस ओपन में उस चरण तक पहुंचा था। छह बार का टूर-स्तरीय टाइटलिस्ट कभी भी एक ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा है।


अन्य मुकाबले में जानिक सिनर ने कारेन खाचानोव को सीधे सेटों में 6-4,7-5, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। सिनर का अगला मुकाबला आंद्रेई रुब्लेव (जिनसे वह लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में 4-2 से आगे हैं) और एलेक्स डी मिनौर (6-0) के विजेता से होगा।

इटालियन 2022 में मेलबर्न पार्क में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा और पिछले साल चौथे दौर में स्टेफानोस सितसिपास से हार गया। वह पिछले नौ प्रमुख मुकाबलों में से पांच में क्वार्टर फाइनल या इससे बेहतर स्तर तक पहुंचे हैं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जोकोविच

**मेलबर्न,21 जनवरी 2024।** शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-0, 6-0,6-3 से हराकर 14वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के अंतिम आठ में जगह बना ली है।20 वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी को हराकर दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए अपना 58वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में स्थान हासिल किया।

36 वर्षीय खिलाड़ी ने मन्नारिनो के खिलाफ अपने अजेय रिकॉर्ड को 5-0 तक बढ़ा दिया और मेलबर्न पार्क में बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अपराजित रिकॉर्ड को 11-0 तक बढ़ाया। साथ ही लगातार 32वीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीत हासिल की। मन्नारिनो, जो एटीपी रैंकिंग में करियर के सर्वोच्च 19वें नंबर पर हैं। अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, जिस खेल से वह दुनिया के कई बेहतरीन खिलाड़ियों को परेशान करते हैं उससे जोकोविच को ज्यादा परेशानी नहीं हुई।मंगलवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना 7वीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास और 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फिट्ज के बीच मुकाबले के विजेता से होगा।



## मैं अटल हूं सहित इन 5 फिल्मों की कमाई




अभिनेता पंकज त्रिपाठी की 'मैं अटल हूं' को सिनेमाघरों में ठंडा रिस्पोंस मिल रहा है। 20 करोड़ के साथ बनकर तैयार हुई फिल्म की कहानी और एक्टिंग की हर कोई तारीफ कर रहा है, लेकिन थिएटर्स में लोगों की पहुंच काफी लिमिटेड दिखी। फिल्म ने शुक्रवार (19 जनवरी) को सिनेमाघरों में दस्तक दी और पहले दिन मात्र 1.15 करोड़ के साथ शुरुआत की। दूसरे दिन को लेकर उम्मीद की जा रही थी कि कलेक्शन में उछाल देखने को मिलेगा। हालांकि कारोबार में इजाफा तो हुआ है, लेकिन बहुत कम मात्रा में। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने 20 जनवरी को 1.80 करोड़ रुपए की कमाई की है। दो दिन के इन आंकड़ों को जोड़ें तो फिल्म ने अब तक 2.95 करोड़ रुपए कमाए हैं। अब नजर डालते हैं 12 जनवरी को रिलीज हुई 4 फिल्मों 'गुंटूर कारम', 'हनुमान', 'मैरी क्रिसमस' और 'कैप्टन मिलर' के रिपोर्ट कार्ड पर। 9वें दिन महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर कारम' ने जहां 3.25 करोड़ कमाए, वहीं तेज सज्जा की फिल्म 'हनुमान' ने 14.25 करोड़ रुपए बटोरे। 'हनुमान' की भारत में कमाई 114.10 करोड़ रुपए हो गई है।

## इस एक्टर ने 23 किलो वजन घटा किया बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन



ड्रामा सीरीज़ ये रिश्ता क्या कहलाता है 2008 से टेलीविजन पर प्रसारित हो रही है। प्रशंसकों को सभी किरदार बेहद पसंद आए। इस फिल्म में 'कार्तिक'का किरदार निभाने वाले मोहसिन खान ने लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली। मोहसिन ने वेब शो जॉब मिला तो में एक रॉक स्टार के रूप में अपनी भूमिका से हलचल मचा दी। जब उन्होंने अपने फैंस को ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में बताया तो वे दंग रह गए। मोहसिन ने अपने लंबे बालों और पेट से हमें बिगाड़ दिया। ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में मोहसिन ने बताया कि 'जब मिला तू' के जरिए उन्होंने 23 किलो वजन कम किया। मैंने ये रिश्ता क्या कहलाता है में एक प्यारे मारवाड़ी लड़के की भूमिका निभाई, लेकिन वेब शो के लिए मुझे अपने खाने की आदतों को बदलना पड़ा। किरदार की शक्ल, हेयर स्टाइल सब कुछ अलग है. इसके लिए मुझे कई बदलाव करने पड़े।

## कॉमेडी फिल्म में नजर आएगी शहनाज गिल




शहनाज जल्द ही मुबारकां,कबीर सिंह,भूल भुलैया 2 और एनिमल जैसी फिल्में बनाने वाले प्रोड्यूसर मुराद खेतानी के प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। मुराद खेतानी ने जियो स्टूडियोज के साथ मिलकर 20 जनवरी, 2024 को चंडीगढ़ में 'सब फर्स्ट क्लास' नामक एक कॉमिक फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में शहनाज गिल लीड रोल प्ले कर रही हैं. उनके साथ फुकरे से फेमस हुए एक्टर वरुण शर्मा हैं। दोनों की जोड़ी से हम एक शानदार कॉमेडी फिल्म की उम्मीद कर सकते हैं। इंस्टा हैंडल पर फिल्म की अनाउंसमेंट की है। उन्होंने शूटिंग सेट से फोटोज शेयर करते हुए बताया कि वो सब फर्स्ट क्लास का हिस्सा हैं। फिल्म की बाकी स्टार कास्ट से जुड़ी जानकारी सामने आना अभी बाकी है। फिलहाल, इसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है. फोटो शेयर करते हुए शहनाज ने लिखा, है खबरों के मुताबिक, सब फर्स्ट क्लास में कुशा कपिला।

## यामी की 'आर्टिकल 370' फिल्म का टीजर आया सामने



एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपने अब तक के करिअर में चुनींदा फिल्मों में ही काम किया है, लेकिन वह शानदार अदाकारी से लोगों का प्यार बटोरने में सफल रहीं। उनकी अगली फिल्म 'आर्टिकल 370' है, जिसका टीजर शनिवार (20 जनवरी) को रिलीज कर दिया गया। इसमें यामी एक्शन अवतार में हैं। शुक्रवार को इसका पोस्टर रिलीज किया गया था। फिल्म को 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' के मेकर्स ने प्रोड्यूस किया है, जिसमें यामी का अहम रोल था। फिल्म में यामी के साथ प्रियामणि, वैभव तत्ववादी, अरुण गोविल और राज अर्जुन के भी खास रोल हैं। फिल्म को ज्योति देशपांडे, आदित्य धर व लोकेश धर ने प्रोड्यूस किया है। डायरेक्टर आदित्य सुहास जंभाले हैं। फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर की शुरुआत कश्मीर में भ्रष्टाचार और आतंकवाद से होती है। यामी खुफिया एजेंट के रोल में हैं जो कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे आर्टिकल 370 को खत्म करने के पक्ष में होती हैं। यामी गुस्से में कहती हैं कि कश्मीर में आतंकवाद एक धंधा है। इसका आजादी से कोई लेना-देना नहीं है। यह पैसों के लिए है। भ्रष्ट नेताओं और अधिकारियों ने इसे बनाए रखा। जब तक जम्मू कश्मीर को दिया गया विशेष दर्जा वापस नहीं लिया जाता तब तक अपराधियों का कुछ नहीं बिगड़ सकता। टीजर के दौरान लिखा हुआ आता है, कश्मीरज्भारत का चमकता ताज 70 सालों से जल रहा भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद। आखिर में यामी के चेहरे पर खून दिखता है और वह किसी पर बंदूक ताने खड़ी हैं। यामी ने टीजर शेयर करते हुए लिखा, एक देश, एक संविधान। फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)